www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31.c
28.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 98.935g
चांदी 100,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

2 राष्ट्रीय सुरक्षा के नए मानक, आतंकवाद पर भारत का रुख स्पष्ट

चुनार में विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों से संवाद 04

वर्ष :08 | अंक :342 | मुंबई , मंगलवार , 03 जून 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

**संक्षिप्त समाचार**

## ट्रक की टक्कर से कार सवार चार लोगों की मौत, तीन जख्मी

बाराबंकी जिले के रामनगर क्षेत्र में सोमवार कीसुबह लखनऊ-बहराइच मार्ग पर तेज गति से जा रहे एक ट्रक की टक्कर लगने से कार सवार चार लोगों की मौत हो गई तथा तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर लखनऊ की ओर से गोंडा जा रही एक कार को रामनगर थाना क्षेत्र के गणेशपुर मोड़ पर एक ढाबे के पास विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। इस घटना में कार सवार चार लोगों... सुधीर मौर्य (35), उनकी पत्नी शांति मौर्य (33), जीजा रमाशंकर मौर्य (38) और कार चालक अयान कुरैशी (23) की मौके पर ही मौत हो गई। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सूत्रों ने बताया कि इस घटना में पूजा कुशवाहा (32), अक्ष (नौ) और अनवी (पांच) गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद राजमार्ग पर करीब दो किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया।

## उप्र के भदोही में बुजुर्ग पिता ने गोली मार कर बेटे की हत्या की

भदोही जिले के औराई थाना क्षेत्र में 70 वर्षीय एक व्यक्ति ने एक लाइसेंसी राइफल से अपने बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान कैलाश नाथ दुबे (70) के रूप में हुई है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि औराई थाना क्षेत्र के चेरापुर गांव निवासी कैलाश नाथ दुबे (70) का बेटा तनंजय दुबे (47) घर में होने वाले वैवाहिक समारोह में शामिल होने के मुंबई से यहां आया था। उन्होंने बताया कि तनंजय के बेटे विशाल दुबे उर्फ राजा ने पुलिस में मामला दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि उसके पिता (तंनजय) और दादा कैलाश नाथ दुबे के बीच पैसे को लेकर कहासुनी हुई, जिसपर उसके दादा ने राइफल से दो गोली चलाई। पहली गोली तो चूक गई, लेकिन गुस्से में चलाई गई दूसरी गोली तनंजय को लग गई, जिससे वह घायल हो गया। उन्होंने बताया कि तनंजय को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया लेकिन शनिवार रात उसकी मौत हो गई।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं पैराग्वे और भारत: पीएम मोदी

**पीएम मोदी ने पराग्वे के राष्ट्रपति के साथ हैदराबाद हाउस में की बैठक, कहा- हमारा भूगोल भले ही अलग हो, लेकिन....**

**बैठक**

प्रधानमंत्री ने दक्षिण अमेरिकी व्यापार समूह मकोर्सुर के साथ भारत की तरजीही व्यापार व्यवस्था का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, हम इसे और आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। मकोर्सुर या दक्षिण का साझा बाजार अर्जेंटीना, ब्राजील, पराग्वे और उरुग्वे से मिलकर बना एक व्यापारिक समूह है। दोनों नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में आतंकवाद से निपटने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया।



**पीएम मोदी ने कहा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और पराग्वे एकजुट हैं। साइबर अपराध, संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी साझा चुनौतियों से लड़ने के लिए सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने पराग्वे को ग्लोबल साउथ का अभिन्न अंग बताया।**

**भारत और पराग्वे के बीच 1961 में राजनयिक संबंध बने**

भारत और पराग्वे के बीच डिप्लोमैटिक संबंध 13 सितंबर 1961 को स्थापित हुए थे। दोनों देशों के बीच व्यापार, कृषि, स्वास्थ्य, दवाइयों और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग है। पराग्वे लैटिन अमेरिका में भारत का एक अहम व्यापारिक साझेदार है। भारत की कई दवा और ऑटोमोबाइल कंपनियां पराग्वे में सक्रिय हैं। पराग्वे की कुछ कंपनियों की भारत में भी जॉइंट वेंचर्स के जरिए मौजूदगी है। दोनों देश संयुक्त राष्ट्र में सुधार, जलवायु परिवर्तन, नवीकरणीय ऊर्जा और आतंकवाद के खिलाफ साझा रुख रखते हैं।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और पराग्वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हैं और दोनों के पास साइबर अपराध तथा मादक पदार्थों की तस्करी जैसी साझा चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट होकर काम करने की अपार संभावनाएं हैं। मोदी ने पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासियोस के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में यह टिप्पणी की। पालासियोस समग्र सहयोग बढ़ाने के तरीकों की खोज के लिए भारत की तीन-दिवसीय यात्रा पर आज सुबह दिल्ली पहुंचे। यह उनकी पहली भारत यात्रा है, जबकि दक्षिण अमेरिकी देश के किसी राष्ट्रपति की दूसरी यात्रा है।

लैटिन अमेरिकी क्षेत्र में भारत के लिए पराग्वे एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है। ऑटोमोबाइल और फार्मास्यूटिकल्स क्षेत्र की कई भारतीय कंपनियां पराग्वे में मौजूद हैं। मोदी ने कहा, हम डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, रक्षा, रेलवे, अंतरिक्ष और समग्र आर्थिक साझेदारी जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नये अवसर देखते हैं।

भारत और पराग्वे ग्लोबल साउथ के अभिन्न अंग हैं। हमारी उम्मीदें, आकांक्षाएं और चुनौतियां समान हैं। और यही कारण है कि हम इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक-दूसरे के अनुभवों से सीख सकते हैं। उन्होंने कहा, हमें खुशी है कि भारत कोविड महामारी के दौरान अपने टीके साझा करके पराग्वे को सहायता प्रदान कर सका। हम अपनी क्षमताओं को और अधिक साझा करके सहयोग की इस भावना को जारी रखने के लिए तत्पर हैं। भारत और पराग्वे के बीच 13 सितंबर 1961 को राजनयिक संबंध स्थापित हुए थे।

# पीएमसीएच में बिस्तर न मिलने से हुई नाबालिग रेप पीड़िता की मौत

**राहुल का नीतीश सरकार पर निशाना, एनसीडब्लू भी एक्शन में**

**मृतक लड़की के चाचा वीरेंद्र पासवान ने आरोप लगाया कि उन्हें बच्ची को एंबुलेंस में इंतजार करना पड़ा, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने उसे भर्ती नहीं किया। उन्होंने दावा किया कि अगर लड़की को समय रहते पीएमसीएच में भर्ती कराया जाता, तो उसकी जान बच सकती थी।**

एजेंसी

नयी दिल्ली। बिहार के मुजफ्फरपुर की एक नाबालिग लड़की की रविवार सुबह पटना में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि लड़की के साथ बलात्कार और उसके बाद मारपीट की गई थी। बलात्कार पीड़िता को पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) रेफर किया गया, जहां उसे शनिवार को पंजीकरण के बाद पांच घंटे तक इंतजार करना पड़ा। इसके बाद उसकी मौत हो गई। मृतक लड़की के चाचा वीरेंद्र पासवान ने आरोप लगाया कि उन्हें बच्ची को एंबुलेंस में इंतजार करना पड़ा, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने उसे भर्ती नहीं किया। उन्होंने दावा किया कि अगर लड़की को समय रहते पीएमसीएच में भर्ती कराया जाता, तो उसकी जान बच सकती थी। राष्ट्रीय महिला आयोग इस घटना को लेकर स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने कहा कि बिहार के मुजफ्फरपुर में नाबालिग दलित बलात्कार पीड़िता की दुखद मौत का स्वतः संज्ञान लेते हुए, जिसे बिना किसी चिकित्सा सुविधा के चार घंटे से अधिक समय तक एम्बुलेंस में इंतजार करना पड़ा, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर ने इस मामले में घोर लापरवाही और व्यवस्थागत विफलताओं की कड़ी निंदा की है। उन्होंने मुख्य सचिव और डीजीपी को मामले की गहन और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, साथ ही इस दुखद चूक में अस्पताल अधिकारियों और पुलिस की भूमिका की भी जांच करने को कहा है। कर्तव्य में लापरवाही बरतने के दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। तीन दिनों के भीतर आयोग को विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी चाहिए।

पूरे मामले को लेकर विपक्ष राज्य सरकार पर हमलावर हो गया है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि मुजफ्फरपुर में दलित नाबालिग बेटी के साथ दरिंदगी और फिर इलाज में हुई



# रांची जा रहा इंडिगो विमान हुआ 'बर्ड हिट' का शिकार

**इंडिगो का विमान पटना से रांची आ रहा था और पायलट को यहां आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। उन्होंने कहा कि सभी यात्री सुरक्षित हैं, लेकिन एक गिद्ध के टकराने के बाद विमान में गड्ढा हो गया। इंजीनियर नुकसान का आकलन कर रहे हैं।**

**पायलट ने कराई इमरजेंसी लैंडिंग**



एजेंसी

रांची जाने वाली इंडिगो की एक फ्लाइट को रांची एयरपोर्ट पर करीब 4,000 फीट की ऊंचाई पर गिद्ध द्वारा हमला किए जाने के बाद इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। एयरपोर्ट अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि घटना के समय फ्लाइट में 175 यात्री सवार थे और सभी यात्री सुरक्षित हैं। रांची के पास इंडिगो के एक विमान से पक्षी टकरा गया। घटना के समय विमान शहर से लगभग 10 से 12 समुद्री मील दूर 3,000 से 4,000 फीट की ऊंचाई पर था। इंडिगो का विमान पटना से रांची आ रहा था और पायलट को यहां आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। उन्होंने कहा कि सभी यात्री सुरक्षित हैं, लेकिन एक गिद्ध के टकराने के बाद विमान में गड्ढा हो गया। इंजीनियर नुकसान का आकलन कर रहे हैं। यह घटना दोपहर 1.14 बजे हुई। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि रांची आ रहा विमान कोलकाता जाने वाला था। हालांकि, इंडिगो के अधिकारियों ने कोई टिप्पणी नहीं की। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि पक्षी के टकराने की घटनाएं विमानन क्षेत्र में आम खतरा हैं, खासकर उड़ान भरने और उतरने के दौरान और सभी एयरलाइंस विमान को सेवा में वापस लाने से पहले उसका गहन निरीक्षण करती हैं।

# सिक्किम में भीषण भूस्खलन, तीन जवान शहीद, छह लापता

**1600 से अधिक पर्यटक सुरक्षित निकाले गए**

**पर्यटकों का स्वागत डीजीपी अक्षय सचदेवा, जिला मजिस्ट्रेट अनंत जैन, और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया. पर्यटकों ने सरकार और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया.**



एजेंसी

गंगटोकः सिक्किम के उत्तरी क्षेत्रों में भारी बारिश के बाद हुए भीषण भूस्खलन में भारतीय सेना के तीन जवान शहीद हो गए हैं, जबकि छह जवान अब भी लापता हैं. वहीं लाचेन और लाचुंग में फंसे 1600 से अधिक पर्यटकों को दो दिन बाद सुरक्षित गंगटोक लाया गया.

### सेना के जवानों की शहादत

सोमवार सुबह चाटेन क्षेत्र में भूस्खलन के दौरान हवलदार लखविंदर सिंह, लांस नायक मुनीश ठाकुर, और पोर्टर अभिषेक लखड़ा की जान चली गई. सेना की ओर से जारी बयान में बताया गया कि लापता जवानों को खोजने के लिए चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में बचाव कार्य लगातार जारी है. भारी बारिश और कठिन भौगोलिक हालात के बावजूद राहतकर्मी अपना काम कर रहे हैं.

### पर्यटकों का रेस्क्यू कर लाया गया

लगातार दो दिन तक बारिश के कारण लाचेन और लाचुंग क्षेत्रों से संपर्क टूट गया था, जहां 1500 से अधिक पर्यटक फंसे हुए थे. सोमवार सुबह मौसम में सुधार होने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया. सिक्किम प्रशासन, भारतीय सेना, आईटीबीपी, बीआरओ, पर्यटन विभाग और अन्य एजेंसियों के समन्वय से इस कार्य को अंजाम दिया गया.

# क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है?

**विदेशी सरजमीं से खुर्शीद का मैसेज**

**कांग्रेस नेता की यह टिप्पणी मोदी सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को हटाने के फैसले का समर्थन करने के बाद आई है। इंडोनेशियाई थिंक टैंक के साथ एक कार्यक्रम में बोलते हुए खुर्शीद ने अनुच्छेद 370 को हटाने का समर्थन करते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 ने यह धारणा दी थी कि कश्मीर देश के बाकी हिस्सों से अलग है।**



एजेंसी

पूर्व विदेश मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने देश के भीतर बढ़ते राजनीतिक विभाजन पर चिंता व्यक्त की, खासकर ऐसे समय में जब आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जा रहा है। जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा खुर्शीद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि देश में राजनीतिक मतभेद बढ़ रहे हैं। जब आतंकवाद के खिलाफ एक मिशन पर, भारत का संदेश दुनिया तक पहुँचाने के लिए, यह दुखद है कि घर में लोग राजनीतिक निष्ठाओं की गणना कर रहे हैं। क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है? खुर्शीद ने राजनीतिक मतभेदों के बावजूद राष्ट्रीय मामलों में एकता की आवश्यकता की ओर इशारा करते हुए पोस्ट किया।

# छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**छत्तीसगढ़ के नक्सल विरोधी प्रयासों में एक महत्वपूर्ण सफलता तब मिली जब छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को कुल 25 लाख रुपए के इनामी 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।**

**केरलापेंदा गांव हुआ माओवाद मुक्त**



एजेंसी

छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ के नक्सल विरोधी प्रयासों में एक महत्वपूर्ण सफलता तब मिली जब छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को कुल 25 लाख रुपए के इनामी 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से नौ नक्सली चिंतलनार पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत केरलापेंदा ग्राम पंचायत के हैं। इस आत्मसमर्पण के साथ ही यह गांव नक्सलवाद से मुक्त हो गया है। राज्य सरकार की नई योजना के अनुसार नक्सल मुक्त ग्राम पंचायत को विकास परियोजनाओं के लिए एक करोड़ रुपया प्रदान किया जाएगा।

### सुकमा जिले में 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि एक महिला समेत सभी 16 नक्सलियों ने माओवादियों की अमानवीय विचारधारा और स्थानीय आदिवासियों पर नक्सलियों के अत्याचारों से तंग आकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। चव्हाण ने बताया कि नक्सली राज्य सरकार की नियद नेल्लनार (आपका अच्छा गांव) योजना से भी प्रभावित हैं।

# छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**केरलापेंदा गांव हुआ माओवाद मुक्त**

**छत्तीसगढ़ के नक्सल विरोधी प्रयासों में एक महत्वपूर्ण सफलता तब मिली जब छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को कुल 25 लाख रुपए के इनामी 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।**



एजेंसी

छत्तीसगढ़ के नक्सल विरोधी प्रयासों में एक महत्वपूर्ण सफलता तब मिली जब छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को कुल 25 लाख रुपए के इनामी 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से नौ नक्सली चिंतलनार पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत केरलापेंदा ग्राम पंचायत के हैं। इस आत्मसमर्पण के साथ ही यह गांव नक्सलवाद से मुक्त हो गया है। राज्य सरकार की नई योजना के अनुसार नक्सल मुक्त ग्राम पंचायत को विकास परियोजनाओं के लिए एक करोड़ रुपया प्रदान किया जाएगा।

**मांग** एलजी से मुलाकात कर उठाई यह मांग

# महबूबा मुफ्ती को सता रहा कश्मीरी पंडितों का दर्द

एजेंसी



नयी दिल्ली। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को कश्मीरी पंडितों की सम्मानजनक वापसी और पुनर्वास की मांग करते हुए कहा कि उनके पुनः एकीकरण को केवल एक प्रतीकात्मक वापसी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि जम्मू और कश्मीर के लिए एक साझा, समावेशी और दूरंदेशी भविष्य के निर्माण के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने राजभवन में जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि मैंने उनसे कहा कि जेलों में बंद कम गंभीर आरोपों वाले लोगों को ईद से पहले रिहा कर दिया जाना चाहिए। घाटी में कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि यह एक लंबी प्रक्रिया है। हमने कुछ शुरू किया है। कश्मीरी पंडितों ने पंचायत चुनाव लड़ा है। अगर आप उन्हें विधानसभा चुनाव में आरक्षण भी देते हैं, तो यह उन्हें सशक्त बनाने का सबसे अच्छा तरीका है। उन्होंने कहा कि हमने यहां कश्मीरी पंडितों की वापसी के मुद्दे पर बात की। अमरनाथ यात्रा और कश्मीरियों की भागीदारी के बारे में भी बात की। मैंने उनसे कहा कि यहां की जेलों में बंद कम गंभीर आरोपों वाले लोगों को ईद से पहले रिहा कर दिया जाना चाहिए। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि हमने कश्मीरी पंडितों की घाटी में वापसी के मुद्दे को पीडीपी के एजेंडे का हिस्सा बनाया है। हमारे खिलाफ बहुत बड़ा आरोप है कि हम यहां रहने वाले कश्मीरी पंडितों को नहीं बचा सके। महबूबा ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में हर राजनीतिक दल, चाहे वह किसी भी विचारधारा का हो, लगातार उनकी वापसी के विचार का समर्थन करता रहा है। उन्होंने कहा, उनके विस्थापन का साझा दर्द और सुलह की चाहत हम सभी को इस विश्वास में बांधती है कि कश्मीर एक बार फिर ऐसा स्थान बन सकता है जहां समुदाय शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व में रह सकें। इस मोर्चे पर सार्थक प्रगति की सुविधा के लिए, आपके विचार के लिए एक समावेशी और चरणबद्ध रोडमैप संलग्न किया गया है। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के हर राजनीतिक दल ने, विचारधारा से परे, हमेशा उनकी वापसी के विचार का समर्थन किया है. उन्होंने कहा, 'उनके विस्थापन का साझा दर्द और पुनर्मिलन की चाहत हमें जोड़ती है, और यह विश्वास दिलाती है कि कश्मीर फिर से वह स्थान बन सकता है, जहां सभी समुदाय शांतिपूर्वक साथ रह सकें. इसी सोच को आगे बढ़ाने के लिए हमने एक समावेशी और चरणबद्ध योजना का मसौदा आपके विचारार्थ प्रस्तुत किया है.

**“महबूबा मुफ्ती ने कहा कि मैंने उनसे कहा कि जेलों में बंद कम गंभीर आरोपों वाले लोगों को ईद से पहले रिहा कर दिया जाना चाहिए। घाटी में कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि यह एक लंबी प्रक्रिया है। हमने कुछ शुरू किया है।**

# मऊ सदर हमारी सीट है, हमारी पार्टी उपचुनाव लड़ेगी : राजभर



**राजभर ने जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख का चुनाव जनता के प्रत्यक्ष वोटों से कराने के बारे में राजभर ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है।**

एजेंसी

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश की मऊ सीट से अपने विधायक अब्बास अंसारी को भड़काऊ भाषण के मामले में दो साल की कैद की सजा सुनाए जाने के कारण उनकी विधानसभा की सदस्यता समाप्त किये जाने के बाद सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने सोमवार को कहा कि यह उसकी सीट है और वह इसके लिए होने वाला उपचुनाव लड़ेगी। सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने सोमवार को संवाददाताओं से बात करते हुए कहा, वह सीट हमारी है.... उस पर हमारी पार्टी (उपचुनाव) लड़ेगी। अब्बास अंसारी वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन के तहत सुभासपा के टिकट पर मऊ सदर विधानसभा सीट से चुनाव जीतकर पहली बार विधायक बने थे।

नफरत भारत भाषण देने के आरोप में अदालत द्वारा 2 साल कैद की सजा सुनाई जाने के चलते उन्हें विधानसभा की सदस्यता के अयोग्य ठहराए जाने के बाद अब यह सीट रिक्त घोषित कर दी गई है।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत अगर अदालत किसी सदस्य को दो साल या उससे ज्यादा की सजा सुनाती है तो उसकी विधानसभा की सदस्यता समाप्त करने का प्रावधान है।

## सम्पादकीय

### बाहरी विशेषज्ञों की उपयोगिता का प्रश्न

सरकारी तंत्र में बाहरी विशेषज्ञों पर बढ़ती निर्भरता चिंताजनक है जिससे आंतरिक विशेषज्ञता कम हो रही है। वे परामर्शदाताओं की भूमिका और जवाबदेही पर सवाल उठाते हैं और स्थायी कर्मियों के कौशल विकास पर जोर देते हैं। उनका मानना है कि नीतियों पर नियंत्रण कुशल कार्यबल के हाथ में होना चाहिए ।हितेश वैद्य और दुगार्शंकर मिश्र। आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के लक्ष्य को पाने के लिए नीति संबंधी परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। ऐसे में इस पर विचार हो कि क्या केवल योजनाओं और निवेश के बल पर देश विविध चुनौतियों का सामना कर सकता है ?समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए जरूरी है कि मौजूदा संस्थागत ढांचों की समीक्षा की जाए, जिससे वे नई चुनौतियों को हल करने में सक्षम हो सकें। शासकीय नीति तंत्र को बेहतर कार्य पद्धति के साथ विकसित करने, सुधार एजेंडे को समुचित स्वरूप देने एवं संवेदनशील अनुसंधान करने के लिए कौशल एवं व्यावसायिकता विकसित करने पर ध्यान देना आज एक बड़ी चुनौती है ।शहरी विकास के मामले में विशिष्ट एवं समयबद्ध कार्यों के लिए बाहरी परामर्शदाताओं पर निर्भर रहने की जगह अब सरकारी तंत्र में परामर्शदाता फर्मों या थिंक टैंकों के अस्थायी विशेषज्ञ बढ़ रहे हैं। इससे शहरी मामले जटिल भी हो रहे हैं। इसे देखते हुए थिंक टैंकों को और अधिक विश्लेषणात्मक कौशल से लैस होना होगा, क्योंकि सरकारी तंत्र का हिस्सा आवश्यक आंतरिक कौशल को विकसित करने के स्थान पर अस्थायी स्टाफ एवं बाहरी ठेकेदारों पर निर्भर हो रहा है ।कुछ पेशेवर अक्सर संपूर्ण कार्यक्षेत्र का प्रबंधन करते हुए संस्थागत कार्यप्रणाली का अभिन्न हिस्सा बन जाते हैं। स्टाफ की कमी और विस्तारित दायित्वों के कारणों से ऐसा और हो रहा है। निःसंदेह परामर्शदाताओं से सरकारी तंत्र को लाभ मिलता है, क्योंकि वे नीतियां बनाने के लिए सरकारी तंत्र को तकनीकी सलाह देने के साथ अन्य थिंक टैंकों के शोध निष्कर्षों को भी साझा करते हैं, जिससे बेहतर नीतियां बन पाती हैं, लेकिन इससे कुछ सरकारी विभागों की अपनी आंतरिक विशेषज्ञता समाप्त हो रही है, क्योंकि वे परामर्शदाताओं या अस्थायी विशेषज्ञों पर अधिक निर्भर हो रहे हैं। बाहरी विशेषज्ञों पर जरूरत से ज्यादा निर्भरता सरकारी तंत्र की दीर्घकालिक सुदृढ़ता के लिए चिंताजनक है ।परामर्शदाता को किसी विशिष्ट कार्य के लिए एक निश्चित समयसीमा के लिए नियुक्त किया जाता है और कार्य की प्रगति के आधार पर उसे भुगतान किया जाता है। केंद्र और राज्यों के बहुतेरे कार्यालयों में कई पेशेवर परामर्शदाता अस्थायी सरकारी कर्मियों की तरह काम करते हैं। प्रायः इन विशेषज्ञों के कार्यकाल भी बढ़ते रहते हैं। इससे वे दीर्घकालिक नीति-निमार्ता बन जाते हैं। ऐसा ढांचा ह्लन्यूनतम सरकार, अधिकतम शासनह्व के मंत्र से प्रेरित है, लेकिन यह ऐसी स्थिति की ओर भी ले जा रहा है जहां बाहरी विशेषज्ञ मुख्य कार्यबल को सहयोग देने के बजाय उनकी जगह ले रहे हैं।

## आज का विचार







## राशिफल

**मेष राशि:** अनुकूल रहने वाला है. आपके खर्चों में कमी आएगी और अटका धन प्राप्त होगा, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा. पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा. लव लाइफ में सुखद समय रहेगा, पार्टनर के लिए कुछ दिखावा कर सकता है.

**वृषभ राशि:** अच्छा हो सकता है. धन का निवेश करने से बचें क्योंकि आपके खर्चे बढ़ेंगे तो स्थिति से तालमेल बिठाना थोड़ा मुश्किल हो जाएगा. परिवार का सहयोग मिलता रहेगा, जिससे काम भी आसानी से बन जाएंगा.

**मिथुन राशि:** अनुकूल रहने वाला है. काम पर पूरा ध्यान देंगे, जिससे अच्छे नतीजे भी मिलेंगे. आय में वृद्धि के योग बन रहे हैं और किसी बड़े व्यक्ति का सहयोग से आपके काम भी पूरे होंगे. सामाजिक कार्यों को करने से सम्मान के रूप में कोई पुरस्कार भी मिल सकता है.

**कर्क राशि:** अनुकूल साबित होगा, भाग्य का साथ मिलेगा. किसी सरकारी अधिकारी की मदद से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी. नौकरी पेशा जातकों के प्रॉजेक्ट्स से अच्छे परिणाम की प्राप्ति होगी. आपका कारोबार आगे बढ़ सकता है और नए ऑर्डर भी मिल सकते हैं. पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा.

**सिंह राशि :** मध्यम फलदायी रहने वाला है. आपके कुछ कार्य अटक सकते हैं तो कुछ काम बन भी जाएंगे. व्यापार के सिलसिले में आपकी योजनाओं से अच्छे परिणाम मिलेंगे. विदेश में रहने वालों को अच्छा लाभ मिलेगा. घरेलू जीवन में तनावपूर्ण स्थितियां बन सकती हैं

**कन्या राशि :** महत्वपूर्ण रहेगा. ठंडे मौसम की वजह से आपका मन किसी भी काम में नहीं लगेगा। इनकम में कमी आएगी और कुछ जरूरी खर्चे भी बढ़ सकते हैं. व्यापारियों को आज बड़ी सफलता मिल सकती है और कोई बड़ा ऑर्डर भी मिलेगा.

**तुला राशि:** अनुकूल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र के कुछ जरूरी काम बन जाने से मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी. व्यापार में अच्छे लाभ के योग बन रहे है. किसी अच्छे फायदे के सौदे से अच्छा मुनाफा भी मिलेगा।

**वृश्चिक राशि:** अनुकूल रहने वाला है. कार्यक्षेत्र में अपने काम पर पूरा ध्यान देंगे और कोई नया काम भी हाथ में ले सकते हैं. नौकरीपेशा जातकों पर काम का दबाव रहेगा। आप कोई ऐसी चीज खरीद सकते हैं, जिससे आपकी सुख-सुविधाएं बढ़ें.

**धनु राशि:** अनुकूल रहने का संकेत मिल रहा है. लव लाइफ को खूबसूरत बनाने की कोशिश करेंगे और पार्टनर के लिए कोई अच्छी ड्रेस ला सकते हैं, जिससे रिश्ता मजबूत होगा. गृहस्थ जीवन में गलतफहमियां दूर होंगी और नजदीकियां बढ़ेंगी.

**मकर राशि:** अच्छा रहने वाला है. मित्रों से अनबन की स्थिति बन सकती है, इसलिए क्रोध और स्वयं पर नियंत्रण रखें, मामले को आगे बढ़ाने से नुकसान होगा. किसी बात को लेकर मन में दुविधा रहेगी, उसके समाधान के लिए किसी करीबी से चर्चा कर सकते हैं.

**कुंभ राशि:** अच्छा रहेगा, लेकिन सर्द मौसम की वजह से स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहेंगे. पेट दर्द, एसिडिटी और ऐंठन भी परेशान कर सकते हैं, सेहत का ध्यान रखें और पर्याप्त नींद लेने की कोशिश करें पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा. व्यापार में अधिक प्रयास से सफलता मिलेगी. गृ

**मीन राशि :** बेहद अनुकूल रहने वाला है और आपको चिंताओं से मुक्ति मिलेगी. आप में जबरदस्त आत्मविश्वास रहेगा, जो कुछ नया करने की प्रेरणा देगा. नौकरी पेशा जातकों के प्रभाव में वृद्धि होगी. आज आप भविष्य के लिए किसी नई योजना में निवेश कर सकते हैं. लव लाइफ वालों को पार्टनर से झगड़ने से बचना होगा क्योंकि ऐसा करने से रिश्ते में दरार आ सकती है. काम के सिलसिले में दिन अनुकूल रहेगा, लेकिन सहयोगियों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है, इसलिए सावधान रहें.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# राष्ट्रीय सुरक्षा के नए मानक, आतंकवाद पर भारत का रुख स्पष्ट

> पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया। सर्जिकल और एयर स्ट्राइक के बाद भी पाकिस्तान नहीं बदला इसलिए भारत ने सिंधु जल समझौते को स्थगित करने जैसे कदम उठाए। पाकिस्तान की कृषि पर इसका असर होगा। भारत ने आतंकी ठिकानों पर हमले किए और पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को नुकसान पहुंचाया।

पाकिस्तान के लिए पहलगाम के नृशंस आतंकी हमले का संदेश एकदम स्पष्ट था। वह यह कि पाकिस्तान सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के सबक भूल गया है। वह भुला बैठा कि भारत आतंकी हमले बर्दाश्त नहीं करेगा और ऐसा करने वालों को उसकी कीमत चुकानी होगी। पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एलान भी किया था कि आतंकियों और उनके आकाओं के लिए इसके परिणाम उनकी कल्पनाओं से भी परे होंगे ।भारत ने पहले गैर–सामरिक मोर्चे पर तत्परता दिखाए हुए तमाम समीकरण बदले। हमले के तुरंत बाद सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में त्वरित कदम उठाए गए। इसमें सबसे प्रमुख सिंधु जल समझौते को स्थगित करना था। चूंकि पाकिस्तान सिंचाई संबंधी आवश्यकता के लिए एक बड़ी हद तक सिंधु और उसकी सहायक नदियों के पानी पर निर्भर है, इसलिए भारत के फैसले से उसे बड़ा झटका लगना स्वाभाविक था। पाकिस्तान की कृषि एवं खाद्य सुरक्षा के लिए इस फैसले के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। भारत की ऐसी जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान में खलबली मची। पहलगाम हमले की जिम्मेदारी लेने वाला आतंकी संगठन भी बाद में उससे मुकर गया। पाकिस्तान ने इसे भारत का अंदरूनी मामला बताते हुए तटस्थ जांचकताओं से इसकी स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच की मांग भी की। पाकिस्तान की ये दलीलें बिल्कुल खोखली थीं। आखिर जिन पर्यटकों के जरिये कश्मीरियों की रोजी–रोटी चलती हो, वे उनको ही क्यों निशाना बनाएंगे। स्पष्ट रूप से यह एक सोची–समझी आतंकी



साजिश थी। इसका मकसद सांप्रदायिक तनाव को भड़काना और कश्मीर में फल–फूल रहे पर्यटन को नुकसान पहुंचाना था। जम्मू–कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद अथक प्रयासों से आ रही शांति एवं समृद्धि के दम पर हालात सामान्य होते जा रहे थे। उसे आतंकी छिन्न–भिन्न करना चाहते थे। पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार की स्वीकारोक्ति ही उनकी मंशा बताने के लिए काफी है। डार ने दावा किया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में पाकिस्तान ने पहलगाम हमले को लेकर अमेरिकी प्रस्ताव के मसौदे के तेवर ढीले कराने के प्रयास किए। इस मूल प्रस्ताव में हमले की जिम्मेदारी लेने वाले रेजिस्टेंस फोर्स की लानत–मलानत की गई थी। उसे स्थानीय लोगों का ह्यफोरमह्न बताते हुए पाकिस्तान ने उसे आतंकी समूह के रूप में सूचीबद्ध करने का विरोध किया ।अगर यह यह वास्तव में कोई भारतीय फोरम है जिसका पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर–ए–तैयबा से कोई लेनादेना नहीं तो फिर पाकिस्तान ने इस हद तक जाकर उसका संदर्भ क्यों हटवाया? पाकिस्तान इसका जवाब देने में सक्षम नहीं। पहलगाम हमले के बाद भी पाकिस्तानी मंत्रियों के बयान यही रेखांकित करते रहे कि कैसे इस देश में दशकों से आतंकी ढांचा फलता–फूलता रहा। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने 25 मई को स्काई न्यूज पर साक्षात्कार में आतंकी ढांचे से जुड़े सवाल के जवाब में कहा, ह्यहम तीन दशकों से अमेरिका और ब्रिटेन के लिए यह गंदा काम (आतंक को पालना–पोसना) करते आए हैं। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भी आतंकी ढांचे के अस्तित्व को स्वीकार करते हुए कहा कि पाकिस्तान का एक अतीत रहा है। जबकि वास्तविकता यही है कि आतंक पाकिस्तान का अतीत ही नहीं, बल्कि वर्तमान भी है। यह उसकी मौजूदा नीति है। भारत यह भलीभांति समझने लगा है। पहलगाम की प्रतिक्रिया में गैर–सामरिक मोर्चे पर कदम उठाने के बाद भारत ने सात मई को आपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर हमले किए। इनमें बहावलपुर स्थित जैश और मुरीदके स्थित लश्कर के मुख्यालय भी शामिल थे। ये दोनों जगहें पाकिस्तानी पंजाब में हैं। अपनी कार्रवाई में भारत ने नागरिक या सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया, लेकिन आतंकी ढांचे पर सटीक एवं प्रभावी प्रहार किया। अपनी विश्वसनीयता के लिए भारत ने साक्ष्य भी प्रस्तुत किए कि यह कोई खुफिया अभियान न होकर एकदम खुली चेतावनी थी। इसके जवाब में पाकिस्तान ने भारत के सैन्य एवं नागरिक प्रतिष्ठानों पर हमले किए। उसे लगा कि भारत परमाणु घुड़की के फेर में आ जाएगा, लेकिन भारत ने ऐसी कोई परवाह नहीं की। भारत की जवाबी कार्रवाई ऐसी रही जो पाकिस्तान को भुलाए नहीं भूलेगी। उस पर ड्रोन और मिसाइलें दागी गईं। लाहौर और सियालकोट के एयर डिफेंस ध्वस्त कर दिए गए। 11 पाकिस्तानी एयरफील्ड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए। इनमें रावलपिंडी स्थित सामरिक महत्व वाला नूर खान बेस, सरगोधा में मुशाफ बेस और जैकबाबाद में शाहबाज बेस प्रमुख हैं। पाकिस्तान यहां अपनी शान मानने वाला एफ–16 विमानों का बेड़ा और परमाणु जखीरा तैनात किए हुए है। भारी दबाव के चलते पाकिस्तान ने 10 मई को भारत से संपर्क कर शांति की गुहार लगाई। यह एक तरह का आत्मसमर्पण ही था। सैन्य संचालन महानिदेशक स्तर पर हुई वार्ता के बाद हमले रोकने पर सहमति बनी। कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब भारत विजयी स्थिति में आगे बढ़ रहा था तब उसने शांति की पहल क्यों स्वीकार की? इसका जवाब एकदम सरल है कि भारत ने अपने सभी लक्ष्य हासिल किए। भारत ने आतंकी ढांचे को ध्वस्त कर दिया और जब पाकिस्तान ने नागरिकों को निशाना बनाया तब भी भारतीय प्रतिक्रिया संयमित एवं उचित दायरे में रही। पाकिस्तानी दुष्प्रचार की पोल खोलने के लिए खुद प्रधानमंत्री आदमपुर एयरबेस गए। वह जिस सी–130जे सुपर हरक्युलिस से उतरे वही पाकिस्तान के दावों को झुठलाने के लिए बहुत था। उसके बाद राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कर दिया कि आपरेशन सिंदूर ने राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में एक न्यू–नार्मल सिद्धांत को स्थापित करने का काम किया। अब कोई भी आतंकी हमला युद्ध की चुनौती के रूप में लिया जाएगा और उसकी कड़ी प्रतिक्रिया होगी। भारत किसी परमाणु ब्लैकमेलिंग का शिकार नहीं होगा। आतंकियों और उनके समर्थकों में कोई भेद नहीं किया जाएगा। उन्होंने दोटूक कहा कि अगर पाकिस्तान शांति चाहता है तो पहले उसे अपने यहां आतंकी ढांचा समाप्त करना होगा। आतंक के साथ न वार्ता हो सकती है और न व्यापार। पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकते। भारत का रुख एकदम स्पष्ट है और अब पाकिस्तान को तय करना है कि वह क्या चाहता है।

# सत्ता और नैतिकता में विरोधाभास क्यों?

**संजीव ठाकुर**




महात्मा गांधी जी ने कहा था कि सिद्धांतों के बिना राजनीति पाप है। इसके अलावा प्रसिद्ध विचारक हेनरी एडम ने कहा है कि ₹मानव स्वभाव का ज्ञान ही राजनैतिक शिक्षा का आदि और अंत है₹ भारतीय राजनीति का उद्भव प्राचीन काल से हुआ है,किंतु इसकी प्रकृति में परिवर्तन तब आया जब भारत विश्व स्तर पर एक आधुनिक राज्य के रूप में स्थापित हुआ। भारतीय राजनीति में स्वतंत्रता के पूर्व नैतिकता एवं संस्कृति की एकता के दम पर स्वतंत्रता संग्राम पर विजय प्राप्त की थी। विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री,सरदार वल्लभभाई पटेल, लाला लाजपत राय और ना जाने कितने महान व्यक्तियों ने नैतिकता और संस्कृति में एकजुट होकर ब्रितानी हुकूमत को देश से भगाया था। देश का स्वतंत्रता संग्राम जनप्रतिनिधियों को नैतिकता के पालन के लिए प्रोत्साहित करता रहा है। जब भारत में स्वतंत्र लोकतांत्रिक राजनीति का आरंभ हुआ तो नैतिकता का पतन, क्षरण आरंभ हो गया। राजनीति धीरे धीरे सिद्धांत से विमुख होती गई तथा इसकी दशा और दिशा मैं नैतिकता का क्षरण तथा पतन धीरे-धीरे प्रारंभ हो गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात यह माना जाता रहा है की राजनीति में अनैतिकता के पनपने के दो प्रमुख कारण माने गए धनबल और बाहुबल। राजनीति में ऐसा कहा जाता है कि जिसके पास धन होता है उसके पास बल भी होता है, और भारतीय राजनीति में और कई प्रदेशों के संदर्भ में यह बात सर्वथा उचित प्रतीत होती है। भारतीय राजनीति में धनबल और बाहुबल का नकारात्मक प्रभाव नैतिकता के पतन के रूप में सामने आया है। स्वतंत्रता के पश्चात राजनेताओं में स्वयं के लिए धन एकत्र करना एवं येन केन प्रकारेण सत्ता स्थापित करने के प्रयास के कारण नैतिकता धीरे-धीरे स्खलित होती गई है। नेताओं का बेईमानी और भ्रष्ट कार्य में लिप्त होना भी राजनीति में नैतिकता के पतन का प्रमुख कारण है, और यही कारण है कि आज अधिकतर भारतीय राजनेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं, एवं उन पर मुकदमा भी चल रहा है। यह सर्व विदित है कि सार्वजनिक संपत्ति को अपनी स्वयं की संपत्ति बनाने की होड़ में राजनेताओं को कर्तव्य पथ से विमुख होते देखा गया है। राजनीति में राजनेताओं ने इसे संपत्ति कमाने का जरिया ही मान लिया है। सार्वजनिक संसाधनों का पूरा नियंत्रण राजनेताओं के पास होता है इसका उपयोग में अपने संसदीय, विधानसभा क्षेत्र के लिए करते हैं। इस तरह पूरे राज्य स्वदेश के संसाधनों का किसी एक क्षेत्र में निवेश करते जाते हैं, जो अनैतिकता का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। राजनीति में भाई भतीजावाद एक सामान्य बहुत चर्चित लक्षण है, कोई भी राजनेता आज यह चाहता है कि योग्यता हो ना हो कोई भी बड़ा पद उसके भाई, भतीजे ,पत्नी ,बेटे आदि को मिल जाए, इतना ही नहीं कई बार सगे संबंधियों के अपराधी होते हुए भी राजनीतिक पद अथवा चुनावी टिकट दिलाने का प्रयास करते हैं। भारतीय राजनीति में क्रोनी कैपिटलिस्म यानी उद्योगपतियों एवं राजनीतिज्ञों का आपस में गठजोड़ को क्रोनी कैपिटलिस्म माना जाता है। इसमें उद्योगपति राजनीतिक चंदा का हवाला देते हुए राजनेताओं से देश की नीतियों को अपने पक्ष में करवा लेते हैं और इस तरह जनता का शोषण शुरू हो जाता है। भारतीय राजनीति में इस तरह के आरोप लंबे समय से लगते आ रहे हैं। राजनीति में उच्च नैतिक मूल्यों का महत्व घटने के साथ-साथ राजनीतिक मापदंड शासन को राजनीति आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में नकारात्मक रूप से प्रभावित करता जा रहा है। राजनेताओं से अपेक्षा होती है कि वह समाज के प्रति प्रतिबद्ध होकर काम करें किंतु अनैतिक राजनीति इस प्रतिबद्धता में एक बड़ी बाधा है, और इसके साथ ही राजनेता अनैतिक प्रथाओं का समावेश कर अपनी राजनीतिक रोटी सेकने मैं कतई गुरेज नहीं करते हैं। इतना ही नहीं राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप की भाषा भी निम्न स्तर तथा अनैतिक होते जा रही है, और यही कारण है कि राजनीति में अयोग्य लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। विडंबना यह है कि भारत में प्रत्येक पेशेवर व्यक्ति के लिए कार्य करने के लिए योग्यता निर्धारित की गई है, किंतु जनता पर शासन करने वाले जनप्रतिनिधियों की कोई भी योग्यता निर्धारित नहीं की गई है। संविधान में ही योग्यता निर्धारित नहीं है। लेकिन संसद द्वारा पारित जनप्रतिनिधि अधिनियम 1991 में भी इसका कोई प्रावधान नहीं किया गया। इसीलिए संविधान तथा इस अधिनियम में जनप्रतिनिधियों की शैक्षणिक योग्यता एवं एवं अपराधिक निर्योग्यता का प्रावधान किया जाना चाहिए जिससे राजनीति थोड़ी साफ सुथरी हो और नैतिकता तथा आत्मबल में वृद्धि हो। पढ़े लिखे, शिक्षित लोगों की राजनीति में आने से वहां का वातावरण थोड़ा शुद्ध होने की संभावना बनती है, और देश के विकास को भी बल मिलता है। यह बात महत्वपूर्ण है कि सामान्यता अपराधी प्रवृत्ति लोगों को विधानसभा या लोकसभा में टिकट नहीं दी जानी चाहिए, जिससे उनका राजनीति में प्रवेश प्रतिबंधित हो सके। प्रायः देखा गया है कि अनैतिकता की शुरूआत अधिक धन के संचालित होती है। इसीलिए सभी राजनीतिक दलों के प्राप्त चंदे को ऑडिट के दायरे में लाना जाकर लाया जाना चाहिए, ताकि नैतिक चंदे से राजनीति भी नैतिक हो सके। सदनों की नियमावली में परिवर्तन करते हुए सूचना के अधिकार के अंतर्गत जिसमें पार्टियों की गतिविधियां भी आर,टी,आई के दायरे में लाई जा सके। जिससे राजनीतिक पारदर्शिता को बल मिलेगा। हाल ही में भारतीय संसद की निष्पादन क्षमता में भारी कमी आई है, क्योंकि प्रत्येक राजनीतिक दल संसद का प्रयोग राजनीतिक लाभ के लिए करने लगे हैं, इसीलिए नियमावली में परिवर्तन के साथ इस पर लगाम लगाई जानी चाहिए। इससे राजनीति में नैतिकता का क्षरण ना हो।

# त्याग में अपना ही नहीं, अपनों का भी भला

**विजय गर्ग**

यह तथ्य अब सुविदित है कि तंबाकूजन्य नशे हर साल दुनिया भर में अस्सी लाख से अधिक लोगों की जान ले लेते हैं। भारतीय होने के नाते यह और भी अधिक चिंता का विषय है कि इनमें से 13 लाख से ज्यादा मृतक भारतीय होते हैं ।यह डरावना आंकड़ा न केवल चिंता उत्पन्न करता है, बल्कि यह भी इंगित करता है कि विविध प्रकार के तंबाकूजन्य नशों का या तो पूरी तरह उन्मूलन किया जाना चाहिए या कम से कम उन्हें न्यूनतम स्तर तक सीमित किया जाना आवश्यक है ।इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु वर्ष 1988 से हर वर्ष आज के दिन विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस संदर्भ में यह जानना भी प्रासंगिक है कि तंबाकूजन्य मौतों की बढ़ती संख्या को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 1987 में इस दिवस को मनाने की परंपरा शुरू की थी। प्रारंभ में इसे 7 अप्रैल को मनाया गया, लेकिन उसी वर्ष 31 मई को संगठन द्वारा एक प्रस्ताव पारित कर इसे स्थायी रूप से 31 मई को मनाने का निर्णय लिया गया ।प्रत्येक वर्ष इस दिवस की एक थीम निर्धारित की जाती है, जिसके माध्यम से लोगों को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाता है और उन्हें इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाता है। यह भी बताया जाता है कि तंबाकू का सेवन केवल उपभोक्ता के लिए ही नहीं, बल्कि उनके आसपास रहने वाले लोगों के लिए भी घातक है ।विडंबना यह है कि इन प्रयासों के बावजूद विश्वभर में बड़ी संख्या में लोग किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन कर रहे हैं और वे इसकी लत से मुक्त नहीं हो पा रहे हैं ।यदि हम भारत की बात करें तो यहां तंबाकू उत्पादों के पैकेटों पर वैधानिक चेतावनियां प्रमुखता से अंकित की जाती हैं और अवयस्कों को इनकी बिक्री पर कानूनी रोक भी है। फिर भी, लगभग हर आयु वर्ग और लिंग के लोग इस लत के शिकार हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि नशा खत्म तो दूर, अपेक्षित रूप से घटता भी नहीं दिख रहा ।विशेषज्ञों द्वारा बार-बार यह बताया जाता है कि तंबाकू का सेवन फेफड़े, यकृत, मुंह और गर्भाशय के कैंसर के अलावा अनेक यौन और हृदय रोगों का प्रमुख कारण बन सकता है, पर इसका अपेक्षित असर होता नहीं दिखता ।राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़े दशार्ते हैं कि भारत में 15 वर्ष से अधिक आयु के 38 प्रतिशत से अधिक पुरुष तंबाकू का सेवन करते हैं। महिलाओं में यह आंकड़ा लगभग 9 प्रतिशत है। 15 से 49 वर्ष की आयु की 1 प्रतिशत महिलाएं और 19 प्रतिशत पुरुष शराब का सेवन करते हैं। स्पष्ट है कि समस्या केवल तंबाकू तक सीमित नहीं, बल्कि शराब की लत भी चिंताजनक स्तर पर मौजूद है ।यह निष्कर्ष देश के 28 राज्यों और आठ केंद्रशासित प्रदेशों के 707 जिलों में 6.37 लाख परिवारों के सर्वेक्षण पर आधारित है। यह बताता है कि नशे की समस्या को रोकने या सीमित करने हेतु एक दीर्घकालिक और कारगर रणनीति की आवश्यकता है, जिसका एक सिरा शिक्षा से भी जुड़ता है। क्योंकि आंकड़ों के अनुसार, भले ही तंबाकू सेवन हर वर्ग में पाया जाता है, लेकिन अशिक्षितों में इसकी प्रवृत्ति कहीं अधिक गंभीर है। स्कूल न जाने वाले या पांचवीं कक्षा से कम शिक्षा प्राप्त पुरुषों में लगभग 58 प्रतिशत और महिलाओं में 15 प्रतिशत इस लत के शिकार हैं ।ग्रामीण भारत में यह समस्या और भी गहरी होती जा रही है। विशेष रूप से वंचित समुदाय इसके सबसे बड़े शिकार हैं। पूर्वोत्तर, उत्तर और पूर्वी भारत के कई राज्यों में तंबाकू और अन्य नशों का प्रयोग अत्यधिक है। पश्चिम भारत के कुछ क्षेत्रों में भी स्थिति चिंताजनक है ।यह भी समझना जरूरी है कि तंबाकू का प्रभाव केवल उपभोक्ता पर नहीं पड़ता, बल्कि उसके आसपास रहने वालों के लिए भी यह अत्यंत हानिकारक है।

# नासिक-त्र्यंबकेश्वर में होगा सिंहस्थ कुंभ मेला, अगले साल 31 अक्टूबर से होगी शुरूआत



नासिक और त्र्यंबकेश्वर में सिंहस्थ कुंभ मेला 31 अक्टूबर 2026 से शुरू होगा। यह मेला दो पवित्र शहरों में ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा। गोदावरी नदी में पहला 'अमृत स्नान' 2 अगस्त 2027 को होगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस की अध्यक्षता में नासिक में साधुओं और महंतों की एक बैठक में यह घोषणा की गई।

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

नासिक/मुंबईः नासिक और त्र्यंबकेश्वर में सिंहस्थ कुंभ मेला 31 अक्टूबर 2026 से शुरू होगा। यह मेला दो पवित्र शहरों में ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा। गोदावरी नदी में पहला 'अमृत स्नान' 2 अगस्त 2027 को होगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस की अध्यक्षता में नासिक में साधुओं और महंतों की एक बैठक में यह घोषणा की गई। इस भव्य आयोजन के लिए सरकार 4,000 करोड़ रुपये के काम कर रही है। श्रद्धालुओं के लिए सभी जरूरी सुविधाएं दी जाएंगी। कुंभ मेला भारतीय संस्कृति का प्रतीक है और यह दुनिया भर के लोगों को आकर्षित करेगा। नासिक में साधुओं और महंतों की एक बैठक में बहुप्रतीक्षित तिथियों की घोषणा की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री फडणवीस ने की। उन्होंने कहा कि इस भव्य समागम के लिए किए जाने वाले प्रबंध के पैमाने को देखकर दुनिया दंग रह जाएगी। सिंहस्थ कुंभ मेला 31 अक्टूबर 2026 को त्र्यंबकेश्वर के साथ-साथ रामकुंड और पंचवटी में ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा। नासिक में 29 जुलाई 2027 को 'नगर प्रदक्षिणा' होगी, जबकि पहला 'अमृत स्नान' दो अगस्त 2027 को होगा। दूसरा अमृत स्नान 31 अगस्त 2027 को तथा तीसरा और अंतिम 11 सितंबर 2027 को नासिक में और 12 सितंबर 2027 को त्र्यंबकेश्वर में होगा।

# तब नहीं था समय... 'लाडली बहन योजना' पर अजित पवार ने गलती मानते हुए किया बड़ा ऐलान, संजय राउत भड़के

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने स्वीकार किया कि चुनाव से पहले समय की कमी के कारण सरकार ने उचित जांच के बिना मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहन योजना के फंड का वितरण करने में गलती की। सरकारी कर्मचारियों सहित हजारों अपात्र लाभार्थियों को लाभ मिला। इस पर संजय राउत ने निशाना साधा है।

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**




मुंबईः महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने लाडली बहन योजना को लेकर बड़ा बयान दिया है। जिस पर उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना यूबीटी हमलावर हो गई है। पार्टी के नेता संजय राउत ने कहा कि डिप्टी सीएम ने गलती मानी है। ऐसे में उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। अजित पार ने सरकारी कर्मचारियों द्वारा 'लाडकी बहन योजना' का लाभ लेने के मामले में अजीत पवार ने कहा कि जब यह योजना लागू की गई थी, तब हमारे पास ज्यादा समय नहीं था। चुनाव की घोषणा हो गई थी, जिससे पात्रता की गहन जांच नहीं हो सकी। हमने पहले ही अपील की थी कि जरूरतमंद ही इसका लाभ लें। उन्होंने स्वीकार किया कि इसमें चूक हुई है और कहा कि अब जो पैसे दिए गए हैं। वो वापस नहीं लिए जा सकते, लेकिन इस पर उपाय जरूर निकाला जाएगा। राउत ने मांग इस्तीफामहाराष्ट्र सरकार ने पिछले साल अगस्त 2024 में शुरू की गई लाडली बहन योजना शुरू की थी। इसमें 21 से 65 वर्ष की आयु की पात्र महिलाओं को 1,500 रुपये प्रति महीने मिलते हैं। सरकार ने इस योजना के लिए सालाना आया की सीमा 2.5 लाख रुपये तय की थी लेकिन जांच में 2,200 से अधिक सरकारी कर्मचारी भी लाभार्थी मिले हैं। जब इस योजना का अनावरण किया गया था, तो सरकार ने अपील की थी कि केवल पात्र महिलाएं ही आवेदन करें, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जांच की जा रही है। केवल जरूरतमंद महिलाओं को ही मासिक भुगतान मिलेगा। अजित पवार के इस बयान पर शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने पवार के इस्तीफे की मांग करते हुए उन पर चुनावी लाभ हासिल करने के लिए सार्वजनिक धन के दुरुपयोग को सक्षम करने का आरोप लगाया है।

**वोटों के लिए लुटाया सरकारी धन**

राउत ने कहा कि वित्त विभाग ने वोटों की खातिर सरकारी धन की लूट की है। इससे पहले महाराष्ट्र की मंत्री अदिति तटकरे ने पुष्टि की थी कि सरकार ने लगभग दो लाख आवेदनों की जांच के बाद 2,289 अयोग्य सरकारी कर्मचारियों को अयोग्य घोषित कर दिया है। एक्स पर हाल ही में एक पोस्ट में उन्होंने जनता को आश्वासन दिया कि इस तरह की जांच नियमित रूप से जारी रहेगी। उन्होंने लिखा कि यह महसूस करने के बाद, ऐसे लाभार्थियों को योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है।

## फास्ट ट्रैक

# रेलवे एलटीटी मुंबई- मडगांव स्पेशल और हडपसर- हिसार स्पेशल ट्रेनों के फेरों में वृद्धि



**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

मध्य रेल, रेलवे यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए लोकमान्य टिळक टर्मिनस मुंबई- मडगांव और हडपसर- हिसार के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेनों की अवधि बढ़ाएगा, जैसा कि नीचे बताया गया हैः

लोकमान्य टिळक टर्मिनस मुंबई- मडगांव - लोकमान्य टिळक टर्मिनस मुंबई स्पेशल का विस्तार- 4 ट्रिपट्रेन संख्या 01103 लोकमान्य टिळक टर्मिनस मुंबई- मडगांव साप्ताहिक स्पेशल (प्रत्येक सोमवार) जिसे 26.05.2025 तक चलाने के लिए अधिसूचित किया गया था, अब 09.06.2025 तक चलाने के लिए विस्तारित की गई है। (2 ट्रिप)

ट्रेन संख्या 01104 मडगांव- लोकमान्य टिळक टर्मिनस मुंबई साप्ताहिक स्पेशल (प्रत्येक रविवार) जिसे 25.05.2025 तक चलाने के लिए अधिसूचित किया गया था, अब 08.06.2025 तक चलाने के लिए विस्तारित की गई है। (2 ट्रिप)

हडपसर- हिसार- हडपसर स्पेशल का विस्तार- 10 ट्रिप

ट्रेन संख्या 04726 हडपसर- हिसार साप्ताहिक स्पेशल (प्रत्येक सोमवार) जो 26.05.2025 तक चलने के लिए अधिसूचित थी, अब 30.06.2025 तक चलने के लिए विस्तारित की गई है। (5 ट्रिप)

ट्रेन संख्या 04725 हिसार - हडपसर साप्ताहिक स्पेशल (प्रत्येक रविवार) जो 25.05.2025 तक चलने के लिए अधिसूचित थी, अब 29.06.2025 तक चलने के लिए विस्तारित की गई है। (5 ट्रिप)

चलने के दिन, समय, संरचना और ठहराव में कोई बदलाव नहीं होगा।

आरक्षणः विशेष ट्रेन संख्या 01103 और 04726 की विस्तारित ट्रिप के लिए विशेष शुल्क पर बुकिंग सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइट http:// www.irctc.co.in पर खुली है। इस विशेष ट्रेन के ठहरावों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया http:// www.enquiry.indianrail.gov.in। पर जाएँ या NTES ऐप डाउनलोड करें यात्रियों से अनुरोध है कि वे विशेष ट्रेन सेवाओं का लाभ उठाएँ।

# कलंबोली स्टेशन पर सावंतवाड़ी रोड - दिवा एक्सप्रेस और रोहा स्टेशन पर त्रिवेंद्रम नॉर्थ - भावनगर एक्सप्रेस के रुकने के समय में बदलाव

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

मध्य रेल, रेलवे नीचे दिए गए विवरण के अनुसार विभिन्न स्टेशनों पर निम्नलिखित एक्सप्रेस ट्रेनों के रुकने के समय में बदलाव करेगाः

ट्रेन संख्या 10106 सावंतवाड़ी रोड- दिवा एक्सप्रेस 02.6.2025 से दिवा स्टेशन पर मौजुदा समय 19.42 बजे के बजाय 19.29 बजे पहुंचेगी और 19.30 बजे प्रस्थान होगा।

ट्रेन संख्या 19259 त्रिवेंद्रम नॉर्थ- भावनगर एक्सप्रेस 05.6.2025 से रोहा स्टेशन पर मौजुदा समय 20.07 बजे के बजाय 20.05 बजे पहुंचेगी और 20.08 बजे प्रस्थान होगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे इस पर ध्यान दें। विस्तृत समय और ठहराव के लिए कृपया www.enquiry. indianrail. gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

# कॉन्स्टेबल को था बुलेट चलाने का शौक, रिटायरमेंट के दिन एसपी साहब ने सपना पूरा कर दिया

अकोला के कॉन्स्टेबल का एक सपना रिटायरमेंट के दिन पूरा हुआ। उन्होंने एसपी आर्चित चांडक के साथ बुलेट मोटरसाइकिल पर सवारी की। एसपी चांडक ने उनकी इच्छा पूरी करने के लिए बुलेट का इंतजाम किया। इस घटना के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। अरुण घोरमोड़े अकोला पुलिस में कांस्टेबल थे। शनिवार को वे रिटायर हो रहे थे। रिटायरमेंट के मौके पर उन्हें और पांच अन्य पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। उन्हें गुलदस्ते और उपहार दिए गए।

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



नागपुर/अकोलाः अक्सर ऐसा होता है कि घर का कमाने वाला तमाम उम्र परिवार की जिम्मेदारी निभाता है और उसकी ख्वाहिश अधूरी रह जाती है। अकोला के पुलिस कॉन्स्टेबल अरुण घोरमोड़े भी ऐसे ही थे, जिन्होंने पूरी जवानी इस ख्वाहिश में गुजार दी कि उनके पास बुलेट मोटरसाइकल होगी, जिसे वह शान से चलाएंगे। रिटायरमेंट के दिन उनके बॉस यानी एसपी साहब ने यह इच्छा पूरी कर दी। एसपी आर्चित चांडक उनके लिए बाइक अरेंज की और खुद सीट पर पीछे बैठकर ड्राइव का हिस्सा बने। अकोला से पहले नागपुर में डीसीपी रहे अर्चित चांडक हाल ही में ट्रांसफर के बाद अकोला एसपी बने हैं। वह आईआईटी दिल्ली से पढ़े हैं। 2018 बैच के आईपीएस चांडक काफी तेजतर्रार और मेहनती अफसर हैं। अकोला के एक पुलिस कॉन्स्टेबल अरुण घोरमोड़े शनिवार को रिटायर हो गए। रिटायरमेंट के मौके पर उन्हें और पांच अन्य पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। सभी को गुलदस्ते और गिफ्ट दिए गए। इस मौके पर घोरमोड़े की बेटी ने अपने पिता की इच्छा के बारे में जानकारी दी। घोरमोड़े बुलेट मोटरसाइकिल चलाना चाहते थे, लेकिन पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण वे इसे पूरा नहीं कर पाए थे। उनकी बेटी ने बताया कि यह सपना उन्होंने कई साल से संजो रखा है।

एसपी ने रिटायरमेंट को खास बना दियाएसपी आर्चित चांडक ने घोरमोड़े की बेटी की बात सुनी। उन्होंने तुरंत अपने स्टाफ से बुलेट मोटरसाइकिल का इंतजाम करने को कहा। एसपी ने कहा कि यह उनके रिटायरमेंट का खास दिन है, हमें इसे यादगार बनाना चाहिए। घोरमोड़े को हेलमेट दिया गया। वे बुलेट पर चढ़े और थोड़ी देर के लिए उन्होंने अपनी सपने की सवारी की। एसपी चांडक भी पीछे बैठे। आईपीएस अधिकारी और रिटायर हो रहे कांस्टेबल की बुलेट सवारी के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गईं। महाराष्ट्र में पिछले महीने हुए ट्रांसफर में अर्चित चांडक को अकोला का एसपी नियुक्त किया गया था। इससे पहले वह जब नागपुर में बतौर डीसीपी ट्रैफिक के तौर पर तैनात थे।

# माननीय रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री श्री वी. सोमन्ना ने सोलापुर मंडल के रेल स्टेशनों का व्यापक निरीक्षण किया





श्री वी. सोमन्ना, माननीय रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री ने 1 जून 2025 को मध्य रेल के सोलापुर मंडल के ताज सुल्तानपुर, कलबुरगि और सोलापुर स्टेशनों का व्यापक निरीक्षण दौरा किया।

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

माननीय मंत्री ने सोलापुर मंडल के अपने दौरे की शुरूआत ताज सुल्तानपुर स्टेशन से की, जहाँ उन्होंने माल शेड का निरीक्षण किया और सुविधाओं और परिचालन योजना की समीक्षा की। अधिकारियों ने उन्हें माल ढुलाई में माल शेड की रणनीतिक भूमिका और क्षेत्रीय वाणिज्य पर इसके प्रभाव के बारे में जानकारी दी। कलबुरगि स्टेशन पर, श्री सोमन्ना का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उन्होंने अमृत स्टेशन मास्टर प्लान का विस्तृत निरीक्षण किया, जिसमें यात्री अनुभव को बढ़ाने में आधुनिक, टिकाऊ बुनियादी ढाँचे के महत्व पर जोर दिया गया। मंत्री ने स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ शिकायत निवारण बैठक भी की, जो जन सहभागिता और पारदर्शी शासन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। कलबुरगि में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, श्री सोमन्ना ने मीडिया को संबोधित किया, और विभिन्न चल रही और आगामी रेल विकास परियोजनाओं के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने कर्नाटक के लिए निर्धारित महत्वपूर्ण बजट आवंटन पर प्रकाश डाला, और समावेशी विकास और कनेक्टिविटी पर सरकार के फोकस को दोहराया। मंत्री ने कई मीडिया प्रश्नों का उत्तर दिया, और प्रमुख पहलों पर स्पष्ट और विस्तृत प्रतिक्रियाएँ दीं। सोलापुर में यात्रा के अंतिम चरण में, माननीय मंत्री को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सोलापुर स्टेशन के लेआउट पर एक प्रस्तुति दी गई। इस योजना का उद्देश्य सोलापुर स्टेशन को उन्नत सुविधाओं के साथ एक आधुनिक, यात्री-अनुकूल केंद्र में बदलना है। पूरे दौरे में श्री वी. सोमन्ना के साथ सोलापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) डॉ. सुजीत मिश्रा, मंडल रेल शाखा अधिकारी और अन्य रेल कर्मचारी थे। यह यात्रा भारतीय रेल के बुनियादी ढांचे के उन्नयन में तेजी लाने और भारतीय रेल नेटवर्क में यात्री सेवाओं में सुधार करने पर भारतीय रेल के अटूट फोकस को रेखांकित करती है।

# पश्चिम रेलवे द्वारा दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों को जयपुर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया जाएगा

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 09001/09002 मुंबई सेंट्रल-खातीपुरा सुपरफास्ट स्पेशल और ट्रेन संख्या 09007/09008 वलसाड-खातीपुरा सुपरफास्ट एक्सप्रेस को जयपुर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया जाएगा।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, विवरण निम्नानुसार हैः-

1. 2 जून, 2025 से मुंबई सेंट्रल से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 09001 मुंबई सेंट्रल- खातीपुरा को जयपुर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन जयपुर स्टेशन पर 15:45 बजे पहुंचेगी और 15:55 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह, 3 जून, 2025 से खातीपुरा से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 09002 खातीपुरा-मुंबई सेंट्रल को जयपुर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन जयपुर स्टेशन पर 19:15 बजे पहुंचेगी और 19:25 बजे प्रस्थान करेगी।

2. 5 जून, 2025 से वलसाड से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 09007 वलसाड-खातीपुरा स्पेशल को जयपुर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन जयपुर स्टेशन पर 07:00 बजे पहुंचेगी और 07:10 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह, 6 जून, 2025 से खातीपुरा से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 09008 खातीपुरा-वलसाड स्पेशल को जयपुर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन जयपुर स्टेशन पर 19:15 बजे पहुंचेगी और 19:25 बजे प्रस्थान करेगी।

ट्रेनों के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# जेप्टो के गोदाम का लाइसेंस सस्पेंड, खाने में फफूंद और एक्सपायरी डेट वाले प्रोडक्ट मिलने के बाद एक्शन

जेप्टो के धारावी स्थित गोदाम में अनियमितताएं पाई। खराब स्थिति मिलने के बाद कंपनी का फूड लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इससे हड़कंप मच गया। निरीक्षण में खाद्य पदार्थों पर फफूंदी, अस्वच्छपरिस्थितियां और एक्सपायरी डेट वाले उत्पाद मिले।




**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

मुंबई : ऑनलाइन किराना डिलीवरी सेवा कंपनी जेप्टो प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व नाम किरानाकार्ट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड) के धारावी स्थित गोदाम की महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने अचानक जांच की, जिसमें गंभीर लापरवाही सामने आई है। इसके चलते कंपनी का फूड बिजनेस लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। सूत्रों से जानकारी मिली थी कि कंपनी द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। ऐसे में फूड सिक्योरिटी ऑफिसर राम बोडके ने धारावी स्थित कंपनी के गोदाम का औचक निरीक्षण किया। खाने के सामान पर लगी थी फफूंदीजांच में पाया गया कि कई खाद्य पदार्थों पर फफूंदी लगी थी और उत्पाद गंदे तथा ठहरे हुए पानी के पास रखे हुए थे। कोल्ड स्टोरेज का तापमान मानकों के अनुरूप नहीं था। फर्श पर गीलापन और गंदगी भी देखी गई तथा खाद्य सामग्री को अस्वच्छ तरीके से जमीन पर बेतरतीब रखा गया था। एक्सपायरी डेट वाले उत्पाद अन्य उत्पादों के साथ रखे गए थे।

# महाराष्ट्र की सरकारी बसों के किराए में 15 पर्सेंट की छूट, मुंबई-पुणे रूट पर सबसे ज्यादा फायदा

मुंबई : अब राज्य परिवहन (एसटी) की बसों में सफर करने वाले यात्रियों को कम भीड़ में कम किराया देने का मौका मिलेगा। एसटी महामंडल यात्रियों के लिए 'लवचिक भाडे' (फ्लेक्सी फेअर) योजना शुरू करने जा रहा है। इसका मतलब है कि कम भीड़ वाले महीनों में यात्रियों की संख्या बढ़ाने के लिए टिकट के दाम लगभग 15% तक कम किए जाएंगे। लेकिन छुट्टियों के दौरान, यानी जब बहुत भीड़ होती है, तब टिकट के दाम पहले जैसे ही रहेंगे। एसटी महामंडल अपना 77वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस मौके पर परिवहन मंत्री और एसटी महामंडल के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक इस योजना की घोषणा कर सकते हैं।


## पश्चिम रेलवे

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे
मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल – मुंबई – 400 008

कार्य – मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के जरिये विज्ञापनों का प्रदर्शन

| MMCT-PnU-25-4 | 12.06.2025 को 13.00.00 बजे |
|---|---|

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | PnU-BCT-ST-WRL-44-22-1 (Pay and Use-Lounges/Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) | 05 वर्षों की अवधि हेतु मुंबई मंडल के सूरत (एसटी) स्टेशन पर क्लोक रूम सर्विसेस का नवीनीकरण, प्रबंधन, अनुरक्षण, संचालन और मैनिंग | 1826 | 12-06-25 13:30:00 |

| MMCT-ADVTM-25-15 | 12.06.2025 को 14.00.00 बजे |
|---|---|

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-BCT-BL-PrKiosk-49-25-1 (Misc. Static Services - Promotional Kiosk) | 3 वर्षों के लिए वलसाड (बीएल) स्टेशन पर प्रमोशनल कियोस्क/प्रॉडक्ट डिसप्ले के जरिए वाणिज्य विज्ञापन के अनुबंध हेतु ई-नीलामी. | 1096 | 12-06-25 14:30:00 |
| 2 | MSS-BCT-VAPI-PrKiosk-51-25-1 (Misc. Static Services- Promotional Kiosk) | 3 वर्षों के लिए वापी स्टेशन पर प्रमोशनल कियोस्क/प्रॉडक्ट डिसप्ले के जरिए वाणिज्य विज्ञापन के अनुबंध हेतु ई-नीलामी. | 1096 | 12-06-25 14:40:00 |
| 3 | MSS-BCT-MRU-MedStn-45-24-1 (Misc-Static-Services - Medical facilities at station) | 5 वर्षों की अवधि हेतु माटुंगा रोड रेलवे स्टेशन पर आपात चिकित्सा कक्ष के जरिए चौबीस घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना. | 1826 | 12-06-25 14:50:00 |
| 4 | MSS-BCT-NSP-MedStn-46-24-1 (Misc-Static-Services Medical facilities at station) | 5 वर्षों की अवधि हेतु नालासोपारा रेलवे स्टेशन पर आपातकालीन चिकित्सा कक्ष के जरिए चौबीस घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना. | 1826 | 12-06-25 15:00:00 |
| 5 | MSS-BCT-ADH-STGen-58-25-1 (Misc-Static-Services - Static General) | अंधेरी (एडीएच) स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं के साथ डिजिटल लाउंज/को-वर्किंग स्पेस के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु ई-नीलामी. | 1826 | 12-06-25 15:10:00 |
| 6 | MSS-BCT-BVI-STGen-59-25-1 (Misc-Static-Services - Static General) | बोरीवली स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं के साथ डिजिटल लाउंज/को-वर्किंग स्पेस के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु ई-नीलामी. | 1826 | 12-06-25 15:20:00 |
| 7 | MSS-BCT-DDR-STGen-57-25-1 (Misc-Static-Services Static General) | दादर स्टेशन पर डिजिटल लाउंज/को-वर्किंग स्पेस के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु ई-नीलामी. | 1826 | 12-06-25 15:30:00 |

| MMCT-ADVT-25-16 | 12.06.2025 को 15.00.00 बजे |
|---|---|

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-BCT-BL-PrKiosk-49-25-1 (Misc. Static Services - Promotional Kiosk) | बाउंड्री दीवार के पश्चिम तरफ बांद्रा पश्चिम रेलवे कॉलोनी में 480 वर्गफीट एरिया के डिसप्ले के साथ 10 फीट ऊंचाई x 6 फीट चौड़ाई के आयाम के 05 नये एलसीडी/एलईडी यूनिपोल स्ट्रक्चर्स के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 1826 | 12-06-25 15:30:00 |
| 2 | MSS-BCT-VAPI-PrKiosk-51-25-1 (Misc. Static Services- Promotional Kiosk) | लोअर परेल में 180 वर्गफीट क्षेत्रफल के डिसप्ले एरिया के साथ 10 फीट ऊंचाई x 6 फीट चौड़ाई के आयाम के 03 नये एलसीडी/एलईडी यूनिपोल स्ट्रक्चर्स के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 1826 | 12-06-25 15:40:00 |
| 3 | MSS-BCT-MRU-MedStn-45-24-1 (Misc-Static-Services - Medical facilities at station) | 3 वर्षों की अवधि हेतु मुंबई सेंट्रल (एमएमसीटी) स्टेशन के थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 12-06-25 15:50:00 |
| 4 | MSS-BCT-NSP-MedStn-46-24-1 (Misc-Static-Services Medical facilities at station) | डिसप्ले बोर्ड्स के जरिए तीन वर्षों की अवधि हेतु सीढ़ियों की लैंडिंग्स और एस्केलेटर्स के पिलर्स पर सांताक्रूज (एसटीसी) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 12-06-25 16:00:00 |
| 5 | MSS-BCT-ADH-STGen-58-25-1 (Misc-Static-Services - Static General) | तीन वर्षों की अवधि हेतु ग्रांट रोड (जीटीआर) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 12-06-25 16:10:00 |

टिप्पणी : संभावी बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें. लॉट अनुसार विवरण निर्दिष्ट पुस्तिका अंतर्गत उपलब्ध है. 214

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly


# आतंकवाद से जुड़े मामले में साकिब नाचन के ठिकानों पर छापेमारी, ठाणे में महाराष्ट्र एटीएस का ताबड़तोड़ एक्शन

महाराष्ट्र एटीएस ने ठाणे के पडघा में आतंकवाद से जुड़े मामले में छापेमारी की, जिसमें सिमी के पूर्व पदाधिकारी साकिब नाचन के घर पर कार्रवाई हुई। साकिब नाचन, जो पहले भी आतंकी मामलों में सजायाफ्ता है, 2002-2003 के मुंबई बम धमाकों में शामिल था। वह कट्टरपंथी गतिविधियों में भी शामिल रहा।

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

मुंबई : महाराष्ट्र एटीएस ने सोमवार को आतंकवाद से जुड़े एक मामले में ठाणे के पडघा में छापेमारी की। महाराष्ट्र एटीएस के मुताबिक, साकिब नाचन के घर पर एटीएस की टीम छापेमारी कर रही है। मामला आतंकवाद से जुड़ा है। साकिब प्रतिबंधित संगठन स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) का पदाधिकारी रह चुका है और पहले भी दो आतंकी मामलों में सजायाफ्ता रहा है। वह 2002-2003 में मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन, विले पार्ले और मुलुंड बम धमाकों के मामलों में शामिल है। इन आतंकी वारदातों में कई लोगों की जान गई थी। आरोप है कि 2017 में अपनी सजा पूरी करने के बाद से वह दोबारा कट्टरपंथी गतिविधियों में शामिल हो गया था।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

मु.अभि. (एस.ओ.) विभाग
क्र. ई.ई.एम./सीव./1335/शहर-1, दि. 02.06.2025
ई-निविदा सूचना

बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त द्वारा निम्नलिखित ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है. निविदा प्रति महा-टेंडर पोर्टल (https://mahatenders.gov.in/nicgep/app) अंतर्गत ई-प्रोक्योरमेंट अनुभाग से डाउनलोड की जा सकती है.

| अ. क्र. | निविदा का विषय | निविदा आईडी | ईएमडी (रु.) | निविदा शुल्क (रु.) | निविदा की निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कैरल रोड पम्पिंग स्टेशन पर मेन पंप क्र. 201 और 202 की सम्पूर्ण ओवरहॉलिंग और मरम्मत का कार्य | 2025_एमसीजीएम_1185805_1 | 6,000/- | 1452/- + 18% जीएसटी | 11.06.2025 को 16.00 बजे तक |

वेबसाइट :- https://portal.mcgm.gov.in
https://mahatenders.gov.in/nicgep/app
ई-मेल : eemechscity1.so@mcgm.gov.in
पीआरओ/554/विज्ञा./2025-26

हस्ता./-
(पी.ए. सालगांवकर)
कार्यकारी अभियंता यांत्रिक (सीव.) शहर-I, प्रभारी

अगर आये हलका सा भी बुखार, तत्काल जाकर डॉक्टर से करें मुलाकात.

## एसटी को देश का नंबर वन परिवहन बनाने का उद्देश्य : प्रताप सरनाईक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , एसटी को देश का नंबर वन परिवहन संगठन बनाने का लक्ष्य हो, जो न केवल यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं प्रदान करे बल्कि कर्मचारियों को आर्थिक रूप से सशक्त भी बनाए। यह बात परिवहन मंत्री और एसटी महामंडल के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक ने कही है। वे एसटी की 77वीं वर्षगांठ के अवसर पर यशवंत नाट्य मंदिर में आयोजित अभिनव योजनाओं के उद्घाटन और गौरव पुरस्कार समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर एसटी महामंडल के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. माधव कुसेकर और सभी वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।इस अवसर पर बोलते हुए मंत्री सरनाईक ने कहा कि पिछले 77 वर्षों से एसटी गांव से आदिवासी गांवों तक गर्मी, ठंडी और बारिश की परवाह किए बिना समाज के सभी वर्गों को यात्री सेवाएं प्रदान कर रहा है। भविष्य में एसटी निश्चित रूप से अपना शताब्दी समारोह पूरा करेगा, क्योंकि एसटी को महाराष्ट्र के सभी आम लोगों का आशीर्वाद और समर्थन प्राप्त है। देश में बहुत कम संस्थाएं हैं जो 75 साल से अधिक समय तक जीवित रहीं हैं। बेशक, एसटी निगम उनमें से एक है। 77 साल बाद भी, महाराष्ट्र के सामाजिक जीवन में एसटी का महत्व बिल्कुल भी कम नहीं हुआ है। इसलिए, मुझे विश्वास है कि हमारा एसटी, जिसे ₹सार्वजनिक समर्थन₹ प्राप्त है, भविष्य में भी उसी रास्ते पर चलता रहेगा। भविष्य में परिवहन क्षेत्र में संभावित बदलावों को ध्यान में रखते हुए, हम यात्रियों को सुरक्षित और स्वच्छ ₹स्मार्ट एसटी₹ प्रदान करने का इरादा रखते हैं। यह बात इस अवसर पर मंत्री सरनाईक ने कही। इस अवसर पर, एसटी-प्रेमी संगठन ₹बस फॉर आसन₹ द्वारा तैयार की गई एक कॉफी टेबल बुक एसटी वाहननामा, जिसमें पिछले 77 वर्षों में एसटी की यात्रा को रेखांकन किया गया है, का विमोचन गणमान्य लोगों द्वारा किया गया।इस अवसर पर, एसटी के सर्वश्रेष्ठ अधिकारियों को ₹राष्ट्रपति के स्वर्ण पदक₹ से सम्मानित किया गया। इसमें धुले-नंदुरबार डिवीजन कंट्रोलर विजय गीते साकरी डिपो डिपो मैनेजर सुनील महाले, धुले-नंदुरबार डिवीजन मैकेनिकल इंजीनियर पंकज महाजन, जालना डिवीजन मैकेनिकल इंजीनियर सुरेंद्र तांडले और सिंधुदुर्ग डिवीजन सिविल इंजीनियर अक्षय केनकरे को मंत्री सरनाईक ने स्वर्ण पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## बदलापुर में विद्युत महावितरण के टी.ओ.डी.मीटरों के विरोध में महाविकास अघाड़ी ने किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

### टी.ओ.डी. मीटर बनाने वाली गौतम अडानी की कंपनी का विरोध,तस्वीर पर चप्पलों से हमला।

❍टी.ओ.डी. मीटर हटाओ, बदलापुर बचाओ।अदाणी देशभक्त नहीं शुद्ध व्यापारी है– अविनाश देशमुख

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




बदलापुर.बदलापुर में सोमवार 2 जून को मुख्य विपक्षी दल महाविकास अघाड़ी ने बदलापुर महावितरण विभाग द्वारा आम नागरिकों की बिना अनुमति लिए जबरन लोगों के घरों में टी.ओ.डी. मीटर लगाए जाने के विरोध में बदलापुर पूर्व स्थित महावितरण कार्यालय में जोरदार नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन कर इस मुद्दे पर अपनी नाराजगी व्यक्त की।इस विरोध प्रदर्शन के मुख्य आयोजक राकांपा शरद पवार गुट के प्रदेश सचिव अविनाश देशमुख के नेतृत्व में यह विरोध प्रदर्शन किया गया। देशमुख ने आरोप लगाया कि विद्युत महावितरण विभाग शहर भर में आम नागरिकों की अनुमति लिए बिना डिजिटल मीटर लगा रहा हैं।इन मीटरों की वजह से उपभोक्ताओं को उपयोग से ज्यादा भुगतान करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि ये मीटर गौतम अदाणी की कंपनी के हैं और वो कोई देशभक्त नहीं बल्कि शुद्ध व्यापारी है। महाविकास आघाड़ी के कार्यकताओं ने कार्यालय में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और गौतम अदाणी के चित्रों की माला बनाकर टांग दी और प्रदर्शनकारियों ने गौतम अदाणी के चित्र पर चप्पलों हमला कर अपना विरोध दर्ज किया। टी.ओ.डी. हटाओ बदलापुर बचाओ और अदाणी की तानाशाही के विरोध में जोरदार नारेबाजी की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उद्योगपति गौतम अडानी की तस्वीरों वाला एक तोरण बनाकर महावितरण कार्यालय में रखा गया। महाविकास आघाड़ी के कार्यकताओं और नेताओं का पारा उस समय और अधिक चढ़ गया जब कार्यकारी अभियंता कार्यालय में समय पर उपस्थित नहीं मिले। महाविकास आघाड़ी के नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर विद्युत महावितरण विभाग ने बदलापुर शहर में डिजिटल मीटर लगाने के लिए बाध्य किया तो डिजिटल मीटर लगाने आने वालों की पिटाई की जाएगी और उनके मीटर तोड़ दिए जाएंगे। महावितरण विभाग के कार्यकारी अभियंता ने आश्वासन दिया कि उपभोक्ताओं की अनुमति के बिना डिजिटल मीटर नहीं लगाए जाएंगे।

फास्ट ट्रैक

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

### जलालाबाद में बुआ के बेटे की शादी में जा रहा था युवक, चालक फरार

शाहजहांपुर, थाना अल्हागंज क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना रविवार रात 10 बजे ततियारी गांव के पास हुई। मृतक की पहचान श्रीकांत के रूप में हुई।वह थाना कांट के बिसरा गांव में कौशल का पुत्र था। श्रीकांत बाइक से दोसपुर में अपनी बुआ के बेटे की बारात में जा रहा था।इसी दौरान एक इको कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।टक्कर के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया है।घायल श्रीकांत को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।सोमवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी की गई।घटना से परिवार में शोक की लहर है।परिजन बेटे की असामयिक मौत पर विलाप कर रहे हैं।



## युवक को पीटकर नाले में फेंका

### हमले में दोनों हाथ पैर टूटे, गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

शाहजहांपुर, थाना जलालाबाद क्षेत्र में एक ग्रामीण को दबंगों ने लाठियों से पीटकर नाले में फेंक दिया। घटना गांव सिकंदरपुर अफगानान की है। पीड़ित शिवकुमार ने थाने में दी शिकायत में बताया कि 1 जून की शाम 6 बजे वह अपने घर से जलालाबाद जा रहे थे। रास्ते में नवाब यादव और आत्माराम ने उन्हें रोका।दोनों ने बिना किसी कारण के लाठियों से उन्हें पीटना शुरू कर दिया। मारपीट में शिवकुमार के दोनों पैर टूट गए। आरोपी उन्हें अधमरा कर सिकंदरपुर जाने वाले नाले में फेंककर फरार हो गए।शिवकुमार रात भर नाले में पड़े रहे। अगली सुबह परिजनों ने खोजबीन की तो वह नाले में मिले।परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद ले गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित ने आरोपियों पर जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाया है।पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।



## किसानों की आवाजाही को लेकर प्रशासन अलर्ट

### तिलहर में गोवंश समस्या के समाधान की मांग, भारतीय कृषक दल 25 जून से करेगा सत्याग्रह

शाहजहांपुर , तिलहर में गोवंश समस्या को लेकर किसानों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। भारतीय कृषक दल ने तहसील प्रशासन को चौथा स्मरण पत्र सौंपा है। दल के राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद कुमार यादव ने 25 जून से बेमियादी सत्याग्रह की घोषणा की है।प्रमोद कुमार यादव दर्जनों ग्रामीणों के साथ नारेबाजी करते हुए तहसील की नई बिल्डिंग पहुंचे।

## अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन मुंबई की केन्या यात्रा सफलतापूर्वक सम्पन्न

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई , अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की मुंबई महानगर इकाई ने हाल ही में केन्या का एक विशेष दौरा किया, जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर अग्रवाल समुदाय के बीच आपसी समन्वय, सहयोग तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान को सुदृढ़ करना था। इस प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र अग्रवाल एवं राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती सुमन अग्रवाल की प्रमुख सहभागिता रही। यात्रा के दौरान टीम ने केन्या में बसे अग्रवाल समुदाय के परिवारों से भेंट की। उल्लेखनीय है कि केन्या में लगभग 100 अग्रवाल परिवार विगत कई वर्षों से बसे हुए हैं, जिनमें से अनेक सदस्य इस अवसर पर उपस्थित रहे और उन्होंने अपने अनुभव साझा किए। यात्रा के मुख्य उद्देश्य सांस्कृतिक संबंधों का सुदृढ़ीकरण ,भारत और केन्या में बसे अग्रवाल परिवारों के बीच सामाजिक व सांस्कृतिक सेतु का निर्माण। व्यावसायिक और सामाजिक अवसरों की खोज ,विभिन्न व्यवसायिक और सामाजिक संगठनों के साथ संवाद स्थापित कर संभावित सहयोग और निवेश के विकल्पों पर विचार। अग्रवाल सम्मेलन की गतिविधियों का अंतरराष्ट्रीय विस्तार, सम्मेलन की उपस्थिति को वैश्विक स्तर पर सशक्त बनाना आदि है। इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र अग्रवाल ने कहा, यह यात्रा हमारे समुदाय के लिए नए द्वार खोलने वाली सिद्ध हुई है। केन्या में बसे अग्रवालों के साथ संवाद कर हमने न केवल भावनात्मक जुड़ाव महसूस किया, बल्कि आने वाले समय में साझा प्रयासों की मजबूत नींव भी रखी।डॉ. अग्रवाल रोटरी क्लब ऑफ बॉम्बे सीकोस्ट के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर भी हैं और सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। उन्होंने इस यात्रा के माध्यम से सेवा, सहयोग और समर्पण के मूल्यों को आगे बढ़ाया। यह यात्रा न केवल एक सामाजिक पहल थी, बल्कि एक दूरदर्शी प्रयास भी, जो वैश्विक अग्रवाल समाज को एकजुट कर अग्रसर करने की दिशा में प्रेरणादायी सिद्ध होगी।

## विधायक जीतलाल पटेल ने जन समस्या की सुनवाई कर निराकरण का दिया भरोसा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़ , भुआलपुर डोमीपुर ग्राम सभा के मजरे पूरेमना गांव के दर्जन भर ग्रामीण समस्याओं के निस्तारण को लेकर पहुंचे विश्वनाथगंज क्षेत्र से विधायक जीतलाल पटेल के पास आए। विधायक ने समस्याओं की सुनवाई करते हुए निराकरण का भरोसा दिया है।

मोहनगंज - जेठवारा रोड पर पूरेमना गांव में रामचंद्र सिंह के घर से अंतिम छोर शत्रुघ्न सिंह ठाकुर के घर तक बनी जिला पंचायत से सड़क की हालत की शिकायत की गई। जिला पंचायत से उक्त सड़क को पीडब्लूडी विभाग में लाकर पुनः निर्माण कराने के लिए विधायक ने आश्वासन दिया। मोहनगंज- जेठवारा रोड पर नहर के समीप पप्पू सिंह के घर के बगल से पूरेमना गांव में चंद्रपाल सिंह के घर होते हुए वर्मा नगर एक किमी सड़क को भी सर्वे कराकर डामरीकरण कराने का दिया विधायक पटेल ने भरोसा दिया।

मोहनगंज- जेठवारा रोड पर गहलौत मार्किट से पूरे उसरहा गांव में हेमंत सिंह के घर के पास से होते हुए उसरी में छोटे लाल सिंह के घर तक एक किमी पक्की सड़क का डामरीकरण कराने के लिए सर्वे कराकर स्टीमेट अतिशीघ्र बनवाने की विधायक पटेल ने बात कही है। विधायक से भरोसा पाकर खुशी से गदगद हुए ग्रामीण, विधायक की कार्यशैली को लोगों ने सराहा। पूरे मना गांव से चंद्रपाल सिंह, नागेंद्र बहादुर सिंह, शील कुमार सिंह, जितेंद्र प्रताप सिंह, अभय कुमार सिंह, शत्रुघ्न सिंह, जय प्रकाश सिंह, पप्पू सिंह, ओम प्रकाश सिंह, राजेंद्र सिंह, हरिलाल सिंह, विजय सिंह आदि तमाम लोग थे उपस्थित। विधायक जीतलाल पटेल ने समस्या को लेकर आए लोगों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि विश्वनाथगंज विधान सभा में कोई भी गांव विकास से अछूता नहीं रहेगा। अपने अंतिम सांस तक अपने क्षेत्र की जनता की निस्वार्थ मन से सेवा करता रहूंगा। आप सभी इस तेज गर्मी में दूर दराज से अपनी समस्या से हमको अवगत कराया। हम आपके आभारी हैं और विश्वास दिलाते हैं कि जनता के हित में विकास कार्य जारी रहेगा। विधायक प्रतिनिधि राबिन पटेल ने कहा कि समुचित विकास पर सबका अधिकार - सबका सम्मान हमारी विधान सभा में है और समस्या को गंभीरता से लिया जा रहा है।

## ग्राम पंचायत के औचक निरीक्षण से विकास कार्य में तेजी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़, मान्धाता प्रभारी खंड विकास अधिकारी विजय कुमार गौतम द्वारा ग्राम पंचायत के औचक निरीक्षण से विकास कार्य में गुणवत्तापूर्ण तेजी देखी जा रही है। खमपुर में औचक निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन पर प्रधान, सेक्रेटरी उपस्थित थे सफाई कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक कार्य दिवस पर पंचायत भवन और ग्राम पंचायत के अन्य शासकीय कार्यालयों और परिसर की साफ-सफाई सुनिश्चित करें।पंचायत भवन का अभिलेख सुव्यवस्थित ढंग से वर्षवार रखने हेतु सचिव व पंचायत सहायक को निर्देशित किया गया।सामुदायिक शौचालय क्रियाशील स्थिति में पाया गया, साफ-सफाई की व्यवस्था अच्छी थी। केयर टेकर द्वारा बताया गया कि समय समय पर भुगतान हो रहा है। ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया की साफ-सफाई के लिए समाग्री समय समय पर उपलब्ध कराते रहे।हैंसी परजी में पंचायत भवन के निरिक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सचिव चंद्र प्रकाश सरोज, पंचायत सहायक ममता पटेल और सफाईकर्मी बृजेश कुमार उपस्थित मिले। पंचायत भवन और परिसर की साफ-सफाई संतोष जनक रही, अभिलेख अद्यतन पूर्ण कर सुसज्जित ढंग से रखने हेतु ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया। पंचायत भवन की विद्युत आपूर्ति को ठीक कराने व जियो फाइबर नेट सिस्टम लगवाने हेतु ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया। अन्नपूर्णा भवन माडल शाप का काम अपूर्ण पाया गया।ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया की यथाशीघ्र माडल शाप का शटर, फिनिशिंग कार्य, रंगाई-पुताई तीन दिवस के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित करें ताकि आपूर्ति विभाग को हस्तगत कराया जा सके।प्रभारी खंड विकास अधिकारी विजय कुमार गौतम ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि माडल शाप के निर्माण कार्य में तय समय-सीमा के पहले हो रही देरी में साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करे। ग्राम सभा ढेमा स्थित गोवंश आश्रय स्थल के औचक निरीक्षण के दौरान व्यवस्था और रखरखाव ठिक पाया गया। आल इज वेल नजर आया, ग्राम सभा गोपालापुर में एक नाली विवाद को दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर सहमति बनाकर सुलझाया गया।सेक्रेटरी को नाली पक्की बनवाने के लिए निर्देशित किया गया। प्रभारी खंड विकास अधिकारी विजय कुमार गौतम ग्राम सभा के विकास कार्य को लेकर गंभीर बने हुए हैं।लगातार ग्राम पंचायत का दौरा कर विकास कार्य की गुणवत्ता पर नजर बनाए हुए हैं जिससे विकास कार्य मे गुणवत्तापूर्ण तेजी देखी जा रही है।

## चुनार में विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों से संवाद

### 3278 किसानों को मिला तकनीकी प्रशिक्षण, 71% पुरुष और 29% महिला शामिल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान ने विकसित भारत @2047 के लक्ष्य को साकार करने के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत पूर्वी उत्तर प्रदेश के छह जिलों में जागरूकता और तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। वाराणसी, सोनभद्र, मिजार्पुर, कुशीनगर, चंदौली और भदोही जिलों के 35 से अधिक गांवों में संस्थान की वैज्ञानिक टीमों ने 25 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए।इन कार्यक्रमों में 3,278 किसानों ने हिस्सा लिया।इनमें 71 प्रतिशत पुरुष और 29 प्रतिशत महिला किसान थे।वैज्ञानिकों ने 330 से अधिक किसानों से सीधा संवाद किया।

किसानों ने सिंचाई जल की कमी, उन्नत बीजों की अनुपलब्धता और नीलगाय से फसल नुकसान जैसी समस्याएं बताईं। कीट प्रबंधन की जटिलता और सरकारी योजनाओं की जानकारी का अभाव भी प्रमुख मुद्दे रहे। किसानों को एकीकृत कीट प्रबंधन, सब्जियों की उन्नत खेती और प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। मृदा परीक्षण, पोषण प्रबंधन और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की जानकारी भी दी गई।

ड्रोन से कीटनाशक छिड़काव, नैनो यूरिया और जलवायु अनुकूल कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण भी शामिल था। आईआईवीआर के निदेशक डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि यह अभियान किसानों के साथ संवाद का मंच है। वैज्ञानिक नवाचार साझा कर रहे हैं और जमीनी चुनौतियों को समझ रहे हैं।संस्थान 'लैब से लैंड' की संकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## अंजुमन खैरुल इस्लाम उर्दू हाई स्कूल ठाणे,एसएससी का शानदार परीक्षा परिणाम










भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , शहर के पुराने एवं प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अंजुमन खैरुल इस्लाम उर्दू हाई स्कूल ठाणे ने एक बार फिर दसवीं कक्षा के एसएससी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस वर्ष विद्यालय का कुल रिजल्ट 89.91 प्रतिशत रहा,जो पिछले वर्षों की तरह संतोषजनक है। इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में कुल 37 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें से 34 विद्यार्थी सफल हुए।सफल छात्रों में 2 छात्रों ने डिस्टिंक्शन मार्क्स,19 छात्रों ने प्रथम श्रेणी, जबकि 4 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी हासिल की। विद्यालय के मेधावी छात्र चौधरी शादाब वाहिद ने 84% अंकों के साथ प्रथम स्थान, मुहम्मद फरीदुद्दीन ने 76.20% अंकों के साथ दूसरा स्थान तथा अंसारी काशिफ मुहम्मद शहजाद ने 71.60% अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। छात्रों की इस शानदार सफलता पर अंजुमन खैरुल इस्लाम ट्रस्ट के अध्यक्ष, संस्थापक महासचिव फरीद अहमद, स्कूल कमेटी के चेयरमैन डॉ. हनीफ लकड़वाला, प्रभारी प्रधानाध्यापक मुहम्मद जुबैर बख्शी और सभी शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों ने छात्रों को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## चलती ट्रेन में युवक का सिर खंभे से टकराया

### सुल्तानपुर से दिल्ली जा रहे युवक की शाहजहांपुर में मौत, पानी लेने रोजा जंक्शन पर उतरा था

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, रोजा जंक्शन पर एक दर्दनाक हादसा हुआ। सुल्तानपुर के 24 वर्षीय संतोष कुमार की चलती ट्रेन में सिर खंभे से टकराने से मौत हो गई। संतोष सुल्तानपुर में बाइक सर्विस सेंटर चलाते थे। वह अपने साथियों के साथ सद्भावना एक्सप्रेस से दिल्ली पार्ट्स खरीदने जा रहे थे।रोजा जंक्शन पर ट्रेन रुकी तो वह पानी लेने प्लेटफॉर्म पर उतरे।वापस ट्रेन में चढ़ते समय गेट पर भीड़ थी। संतोष ट्रेन के पायदान पर लटक गए।इसी दौरान ट्रेन चल पड़ी और उनका सिर प्लेटफॉर्म के एक खंभे से टकरा गया।मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई।जीआरपी ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।साथियों ने परिवार को घटना की सूचना दी।मृतक की मां को अभी तक मौत की जानकारी नहीं दी गई है।परिवार को बताया गया है कि संतोष का एक्सीडेंट हुआ है और उन्हें इलाज के लिए लखनऊ भेजा गया है। संतोष थाना कुड़वार क्षेत्र के पूरे चक्खेकरन कापुरवा गांव के रहने वाले थे। उनके परिजन शाहजहांपुर पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए हैं।

## नौकरी का झांसा देकर युवक से रुपए ऐंठे:पैसे मांगने पर परिवार को पीटा




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, थाना कलान क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। गंजन नगला निवासी धर्मपाल यादव ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।शिकायत के अनुसार, उदयप्रताप यादव ने धर्मपाल के बेटे अभिषेक को कानपुर की एक कंपनी में सरकारी नौकरी दिलाने का वादा किया। इसके लिए उन्होंने 22,000 रुपए भी ले लिए। अभिषेक ने कंपनी में काम तो किया, लेकिन उसे मजदूरी नहीं मिली।जब धर्मपाल ने उदयप्रताप से पैसे वापस मांगे, तो उसने गेहूं की कटाई के बाद देने की बात कही। 25 अप्रैल को जब धर्मपाल ने फिर पैसों की मांग की, तो उदयप्रताप, सत्यपाल और धर्मेंद्र ने उन्हें लाठियों से पीट दिया। बचाव में आए धर्मपाल के बेटे संदीप और अभिषेक, पत्नी धनदेवी और रिंकी को भी आरोपियों ने मारा।उन्होंने परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। इस हमले में संदीप को चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**भारत संवाद परिवार**

1–संरक्षक–भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2–संरक्षक–भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3–संरक्षक–भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त )
4–कला एवं मनोरंजन संपादक
(भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5–उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6–प्रभारी प्रयागराज संस्करण
(भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# बांग्लादेशी करेंसी से शेख हसीना के पिता की तस्वीर हटाई

## राष्ट्रपिता माने जाते हैं शेख मुजीब, नए नोटों पर हिंदू-बौद्ध मंदिरों की फोटो

एजेंसी

ढाका, बांग्लादेश के केंद्रीय बैंक ने रविवार को 1000, 50 और 20 टका नए नोट जारी किए। इन नोटों से शेख हसीना के पिता और देश के संस्थापक राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीर को हटा दिया गया है। खान ने आगे कहा- नए नोट सेंट्रल बैंक के हेडक्वार्टर से और बाद में देश भर के बाकी ऑफिसेज से जारी किए जाएंगे।₹ हालांकि पुराने नोट और सिक्के भी चलन में बने रहेंगे। नए नोटों पर हिंदू और बौद्ध मंदिरों की तस्वीरें भी छापी जाएंगी। 1971 में बांग्लादेश बनने के बाद से अब तक नोटों के डिजाइन में पांच बार (1972, 1970 के दशक, 1980-90 के दशक, 2000 के दशक, और 2025) बदलाव किए गए हैं। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक ये राजनीतिक उथल-पुथल से जुड़ा है। बांग्लादेश की करेंसी का इतिहास समय-समय पर सत्तारूढ़ पार्टियों का असर नजर आता है। 1972 में जब बांग्लादेश ने पूर्वी पाकिस्तान से अलग होकर आजादी

नया नोट



हासिल की, तब शुरूआती नोटों पर भौगोलिक और सांस्कृतिक चित्र थे। बाद में, शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीरें नोटों पर शामिल की गईं, खासकर जब उनकी अवामी लीग पार्टी सत्ता में थी। नई करेंसी को शेख हसीना के शासन के प्रभाव को कम करने और देश की छवि को समावे शी बनाने की दिशा में एक कदम माना जा रहा है। अगस्त 2024 को बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद से लगातार शेख मुजीब की जुड़ी निशानियों पर हमला किया गया था। ढाका में उनकी मूर्ति को तोड़ा गया और कई सार्वजनिक स्थानों पर लगी नेमप्लेट को भी हटा दिया गया। अंतरिम सरकार ने आजादी और संस्थापक से जुड़े दिनों की 8 सरकारी छुट्टियां भी कैंसिल कर दी थी। शेख मुजीबुर्रहमान बांग्लादेश के पहले राष्ट्रपति थे। वह 17 अप्रैल 1971 से लेकर 15 अगस्त 1975 तक देश के प्रधानमंत्री भी रहे थे। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता मुजीबुर्रहमान ने बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी दिलाने में भी बड़ी भूमिका निभाई थी। 15 अगस्त 1975 को शेख मुजीबुर्रहमान की उनके घर पर ही हत्या कर दी गई थी। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध से जुड़े आरोपों में ट्रायल शुरू हो गया है। बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल (आईसीटी) में रविवार को इन आरोपों को औपचारिक तौर पर दर्ज किया गया। चीफ प्रॉसिक्यूटर ताजुल इस्लाम ने ट्रिब्यूनल में ये आरोप दर्ज कराए हैं। आईसीटी के प्रॉसिक्यूटर गाजी मनोवार हुसैन तमीम ने डेली स्टार को यह जानकारी दी है। 12 मई को ट्रिब्यूनल की जांच एजेंसी ने हसीना के खिलाफ अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें जुलाई 2024 में आंदोलन के दौरान मानवता के खिलाफ अपराधों के पांच आरोप लगाए गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक आंदोलन के दौरान 1500 से अधिक लोग मारे गए जबकि 25 हजार से ज्यादा घायल हुए थे। शेख हसीना पिछले साल 5 अगस्त को देश छोड़कर भारत आ गई थीं। दरअसल, उनके खिलाफ देशभर में छात्र प्रदर्शन कर रहे थे। बांग्लादेश में 5 जून को हाईकोर्ट ने जॉब में 30% कोटा सिस्टम लागू किया था, इस आरक्षण के खिलाफ ढाका में यूनिवर्सिटीज के स्टूडेंट्स प्रोटेस्ट कर रहे थे।

यह आरक्षण स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को दिया जा रहा था। हालांकि, हसीना सरकार ने यह आरक्षण बाद में खत्म कर दिया था। इसके बाद छात्र उनके इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। बड़ी संख्या में छात्र और आम लोग हसीना और उनकी सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर आए। इस प्रोटेस्ट के दो महीने बाद 5 अगस्त को उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

# पाकिस्तान की नदियों में 21% पानी की कमी

## किसान बुवाई संकट से जूझ रहे; खैबर प्रांत के बांधों में 50% से भी कम पानी

एजेंसी



इस्लामाबाद, पाकिस्तान में किसानों को पानी की कमी के चलते फसल बुवाई के संकट का सामना करना पड़ रहा है। पाकिस्तान की सिंधु नदी सिस्टम अथॉरिटी (आईआरएसए) का अनुमान है कि, देश में सिंधु, झेलम और चिनाब नदी के प्रवाह में 21% की कमी आई है। खैबर पख्तूनख्वा राज्य में स्थिति देश के प्रमुख बांध मंगला और तरबेला में 50% से भी कम पानी बचा है। आईआरएसए के मुताबिक 2 जून 2025 को पंजाब में कुल पानी की उपलब्धता सिर्फ 1,28,800 क्यूसेक थी, जो पिछले साल के मुकाबले 14,800 क्यूसेक कम है। वहीं, पाकिस्तान सरकार के के मुताबिक, 2 जून 2025 तक पंजाब प्रांत में सिंधु नदी प्रणाली में पानी की उपलब्धता पिछले साल के मुकाबले 10.3% कम हो गई है। पाकिस्तानी अधिकारियों का कहना है कि सिंधु जल संधि स्थगित होने के बाद अब भारत पाकिस्तान के साथ जल प्रवाह के आंकड़े शेयर नहीं करेगा। इससे बरसात के मौसम में बाढ़ मैनेजमेंट भी मुश्किल हो जाएगा। पाकिस्तान के ऊपर एक एंटी साइक्लोन बन गया है। इस वजह से कई इलाके भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। बलूचिस्तान के कई इलाकों में 16 घंटे बिजली कटौती हो रही है, इस वजह से गर्मी काटना और भी मुश्किल हो गया है। अभी दक्षिण-पश्चिम मॉनसून को पाकिस्तान पहुंचने में 4 हफ्ते लगेंगे, ऐसे में आने वाले हफ्ते और ज्यादा मुश्किल भरे हो सकते हैं। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में 5 आतंकियों ने 26 टूरिस्ट्स की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके अगले दिन पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत ने 5 बड़े फैसले लिए थे। इसमें 65 साल पुरानी सिंधु जल संधि को रोका गया था। अटारी चेक पोस्ट बंद कर दिया गया था। वीजा बंद कर दिया गया और उच्चायुक्तों को हटा दिया था। इसके बाद 7 मई को भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में मौजूद कई आतंकी ठिकानों को एयर स्ट्राइक करके तबाह कर दिया था। दोनों देशों में 4 दिन तक संघर्ष चला था, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने 10 मई को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सीजफायर की जानकारी दी थी।

# पश्चिमी-देशों में 80 साल बाद फिर वर्ल्ड वॉर का डर

## 55% लोगों का मानना- विश्व युद्ध होगा, रूस-अमेरिका और परमाणु हथियार इसकी बड़ी वजह

एजेंसी



दूसरे विश्व युद्ध (1939-45) की समाप्ति को 80 साल बीत चुके हैं, लेकिन वैश्विक शांति की नींव फिर से डगमगाने लगी है। यूगोव के ताजा सर्वे के अनुसार, अमेरिका और यूरोप के लोग पांच से दस साल में तीसरे विश्व युद्ध की आशंका जता रहे हैं। रूस के साथ बढ़ता तनाव, अमेरिका की विदेश नीति और परमाणु हथियारों का खतरा इस डर की सबसे बड़ी वजह माना जा रहा है।

सर्वे में शामिल 55% लोगों ने माना कि एक और वैश्विक युद्ध संभव है। वहीं, 76% का मानना है कि वर्ल्ड वॉर में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल होगा। लोगों को यह भी डर है कि यह दूसरे विश्व युद्ध के मुकाबले कहीं अधिक विनाशकारी होगा।

यूरोप और अमेरिका में लोग अपने देशों को इस युद्ध में शामिल होने की आशंका जता रहे हैं। दूसरे विश्व युद्ध की यादें आज भी लोगों के मन में ताजा हैं। सर्वे में शामिल 90% लोग मानते हैं कि इस युद्ध को स्कूलों में पढ़ाया जाना चाहिए।

फ्रांस (72%), जर्मनी (70%) और ब्रिटेन (66%) में लोग इस युद्ध के बारे में अच्छी जानकारी रखते हैं, जबकि स्पेन में यह आंकड़ा केवल 40% है। 77% फ्रांसीसी और 60% जर्मन कहते हैं कि उन्हें स्कूल में इस युद्ध के बारे में विस्तार से पढ़ाया गया। 52% लोगों को लगता है कि दुनियाभर में नाजी शासन जैसे अत्याचार आज भी संभव हैं।

60% का मानना है कि अमेरिका या अन्य यूरोपीय देशों में भी यह खतरा मौजूद है। सर्वे में पश्चिमी यूरोप के 82% और अमेरिका के 69% लोगों ने रूस के साथ तनाव को सबसे बड़ा खतरा बताया। लोग मानते हैं कि रूस की सैन्य गतिविधियां और उसकी परमाणु क्षमता वैश्विक स्थिरता के लिए खतरा हैं। रूस के अलावा, इस्लामिक आतंकवाद को भी बड़ा खतरा माना गया है। लोगों का मानना है कि इस पर जल्द काबू पाना जरूरी है। यह डर वैश्विक कूटनीति में बढ़ती दरारों का संकेत है। 66% लोगों ने नाटो को युद्ध के बाद शांति बनाए रखने में सबसे बड़ा योगदानकर्ता माना। 60% ने संयुक्त राष्ट्र को भी इस दिशा में महत्वपूर्ण माना।

यूरोपीय संघ को भी 56% लोगों ने शांति का एक प्रमुख स्तंभ बताया। सर्वे में यह भी सामने आया कि जर्मनी में 47% मानते हैं कि पहले की सरकारें नाजी अतीत को लेकर अति-सचेत रही हैं। लेकिन वर्तमान सरकार हाल के संकटों में मजबूत कदम उठाने में नाकाम रही है।

# अमेरिका के कोलोराडो में इजराइली समर्थकों पर हमला

## लोगों पर पेट्रोल बम फेंका, 8 लोग झुलसे, हमलावर ने फ्री फिलिस्तीन के नारे लगाए

एजेंसी



वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका के कोलोराडो राज्य के बोल्डर शहर में रविवार को एक संदिग्ध ने फ्री फिलिस्तीन का नारा लगाता हुए लोगों पर हमला कर दिया। उसने लोगों पर मोलोटोव कॉकटेल फेंका, जिससे मौके पर आग लग गई। इस आग की चपेट में आने से 8 लोग झुलस गए। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें एक शख्स मोलोटोव कॉकटेल (पेट्रोल बम) फेंकते हुए दिखाई दे रहा है। यह हमला रन फॉर देयर लाइव्स नाम के एक ग्रुप की सभा के दौरान हुआ। यह ग्रुप गाजा में हमास की कैद में मौजूद इजराइली नागरिकों की रिहाई की मांग कर रहा था। पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 45 वर्षीय मोहम्मद साबरी सोलिमान के रूप में हुई है। सीएनएन ने बताया कि सोलिमान ने पहले अमेरिका में शरण के लिए आवेदन किया था। साल 2005 में सोलिमान को अमेरिका में घुसने के लिए वीजा देने से मना कर दिया गया था। हालांकि, वह अमेरिका कब और कैसे आया, यह अभी तक साफ नहीं है। बोल्डर के पुलिस प्रमुख स्टीव रेडफर्न ने कहा कि हमला शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे लोगों पर हुआ और पीड़ितों की चोटें दिखाती हैं कि उन्हें जलाने की कोशिश की गई। हालांकि, उन्होंने कहा कि फिलहाल किसी निष्कर्ष पर पहुँचना जल्दबाजी होगी। कोलोराडो के गवर्नर जैरेड पोलिस ने बयान जारी कर कहा, हिंसा और नफरत से भरे किसी भी तरह के काम को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। घटना के बाद पुलिस ने पूरे बाजार क्षेत्र को खाली करा लिया। सुरक्षाबलों ने सड़कों पर गश्त लगाई और लोगों से उस इलाके से दूर रहने की अपील की है।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किए बाबा केदार के दर्शन

## बोलीं- दिल्ली के विकास के लिए काम करने की मिले शक्ति



केदारनाथ धाम में पूजा-अर्चना करने के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मैं अपने परिवार के साथ केदारनाथ धाम में पूजा-अर्चना करने का अवसर पाकर खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रही हूं।

एजेंसी

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को अपने परिवार के साथ केदारनाथ धाम में पूजा-अर्चना की और कहा कि बाबा केदार से उनकी कामना है कि उन्हें राष्ट्रीय राजधानी के विकास के लिए काम करने की शक्ति मिले। एएनआई से बात करते हुए, सीएम गुप्ता ने अपने परिवार के साथ केदारनाथ धाम में आशीर्वाद लेने के लिए खुद को भाग्यशाली बताया। केदारनाथ धाम में पूजा-अर्चना करने के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मैं अपने परिवार के साथ केदारनाथ धाम में पूजा-अर्चना करने का अवसर पाकर खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रही हूं।

रेखा गुप्ता ने कहा कि मैं कामना करती हूं कि बाबा हमें इतनी शक्ति दें कि हम विकसित भारत और विकसित दिल्ली का लक्ष्य हासिल कर सकें। मुझे उम्मीद है कि बाबा केदार मुझे दिल्ली के विकास के लिए काम करने की शक्ति देंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली में भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे होने के बाद अपने परिवार के साथ उत्तराखंड का दौरा कर रही हैं। रविवार को सीएम गुप्ता ने हरिद्वार में गंगा में पवित्र डुबकी लगाई और यमुना नदी को साफ करने का संकल्प लिया ताकि लोग भी ऐसा कर सकें। उन्होंने हरिद्वार में हरिहर आश्रम में स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज से भी मुलाकात की। सीएम गुप्ता ने कहा कि यह बहुत खुशी की अनुभूति है। कल दिल्ली में सरकार के 100 दिन पूरे हुए। कल हमने यमुना नदी में आरती की और आज गंगा में डुबकी लगाने के बाद मुझे वाकई ऐसा लग रहा है कि दिल्ली में विकास की गति अब और तेज होगी। आज गुरुजनों का आशीर्वाद लेने के बाद मैं अपने अंदर और भी ताकत महसूस कर रहा हूं। मुझे जिम्मेदारी का अहसास हो रहा है। दिल्ली जो कई सालों से कष्ट झेल रही है, अब सरकार, हमारी जिम्मेदारी है कि दिल्ली आगे बढ़े। मैं शक्ति मांगता हूं कि लोगों की जो भी आकांक्षाएं हैं, मैं उन्हें पूरा कर सकूं।

रविवार को सीएम रेखा गुप्ता अपने परिवार के साथ हरिद्वार में हर की पौड़ी घाट भी गईं और गंगा नदी में पवित्र स्नान किया।

# देश में कोरोना से 24 घंटे में 6 मौतें

## 3976 एक्टिव केस, सबसे ज्यादा 1435 केरल में; दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र से सैंपलिंग की डिटेल मांगी

केंद्र सरकार ने कहा- कोरोना से निपटने के लिए तैयारियां पूरी केंद्रीय स्वास्थ्य और आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा- स्वास्थ्य विभाग और आयुष मंत्रालय पूरी तरह से सतर्क हैं। सभी राज्यों के हालात पर नजर रख रहे हैं। हमने संबंधित सचिवों और मंत्रियों से बातचीत की है।



एजेंसी

देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एक्टिव केसों की संख्या 3976 पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट के मुताबिक 10 दिन में 15 गुना मामले बढ़े हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1435 केस हैं। महाराष्ट्र एक्टिव मामलों के मामले में दूसरे नंबर पर है। यहां 506 मरीज हैं। कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या 34 पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में 6 मौतें हुई हैं। सोमवार को अहमदाबाद में 18 साल की गर्भवती लड़की और 47 साल की महिला की कोरोना से जान गई। इससे पहले रविवार को दिल्ली में 22 साल की लड़की और तमिलनाडु में 25 साल के लड़के की कोरोना से मौत हुई थी। लगातार बढ़ते केसों के बीच कर्नाटक सरकार ने पब्लिक एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाने, शारीरिक दूरी बनाए रखने और स्वच्छता का खास ध्यान रखने की अपील की। बुखार, खांसी, सीने में दर्द या सांस लेने में दिक्कत होने पर तुरंत जांच कराने को कहा है। राज्य में 253 एक्टिव केस हैं। सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- अगली कोविड महामारी अभी खत्म नहीं हुई है। केंद्र कोविड सैंपल कलेक्शन, कोविड सेंटर्स और ट्रांसपोर्ट पॉलिसी नीति की तैयारियों की डिटेल दे। उन्होंने आगे कहा कि पिछली कोविड लहरों के दौरान बने ऑक्सीजन प्लांट, कउव बेड इत्यादि की समीक्षा हो चुकी है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां जारी हैं।

### 10 राज्यों में अब तक 34 की मौत

मिजोरम में 7 महीने बाद कोविड का पहला केस मिला मिजोरम में 30 मई को 2 लोगों में कोविड-19 की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में इस तरह का आखिरी मामला सामने आने के 7 महीने बाद कोविड के केस मिले। मिजोरम में कोविड-19 का आखिरी मामला अक्टूबर 2024 में सामने आया था, उस दौरान राज्य में 73 लोग वायरस से संक्रमित हुए थे। उन्होंने बताया कि मरीजों का इलाज आइजोल के पास फल्कोन में जोरम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में चल रहा है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के इंटीग्रेटेड रोग निगरानी कार्यक्रम ने लोगों से न घबराने की बात कही है।

# वकीलों को गर्मी में नहीं पहनना होगा काला कोट, दिल्ली बार एसोसिएशन ने दी छूट

एजेंसी

भीषण गर्मी के महीनों में राजधानी के वकीलों को राहत प्रदान करते हुए, दिल्ली बार एसोसिएशन (तीस हजारी) ने घोषणा की है कि वकीलों को 16 मई से 30 सितंबर तक जिला न्यायालय में अपनी पारंपरिक पोशाक, काला कोट पहनने की आवश्यकता नहीं होगी। बार एसोसिएशन ने 24 मई को जारी एक परिपत्र में कहा कि सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि अधिवक्ता अधिनियम 1961 की धारा 49 (1) (जीजी) के तहत नियम में संशोधन के अनुसार, वकीलों को गर्मियों के दौरान, यानी 16 मई से 30 सितंबर तक काला कोट पहनने से छूट दी गई है। वकीलों को अन्य नियमों का पालन करने की सलाह दी गई है। यह प्रावधान बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) को किसी भी अदालत या न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित होने वाले वकीलों की पोशाक पर नियम बनाने का अधिकार देता है

**मध्य रेल**

भुसावल मंडल

**ऑक्सल बॉक्स ऐसेम्बली एवं अन्य वस्तुओं का प्रापण**

**उप मुख्य सामग्री प्रबंधक एसीएल, मध्य रेल** भुसावल और भारत के राष्ट्रपति द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जा रही है। **ई-निविदा क्र. 56255310.** जिसका **समापन दिनांक**: 30-JUNE-2025 को 11.30 बजे है। बोली लगाने वाले अपनी निविदा ऊपर दी गई तारीख तक जमा कर सकते हैं। केवल ई-बीड/ई-निविदा ही स्विकृत की जाएगी। हाथ से लिखा हुआ बीड स्विकृत नहीं किया जाएगा। **[1] टेंडर शीर्षक: निविदा नंबर**: 56255310. **निविदा प्रकार**: खुला/विज्ञापित। **बोली लगाने की प्रक्रिया**: एकल बोली प्रक्रिया। **निरिक्षण संस्था**: TPI. **प्रकाशन दिनांक/समय**: 30/05/2025, 11:28:19. **अनुमानित मूल्य**: ₹ 13062600/-. **अंतिम तिथी**: 30-JUNE-2025, 11:30 बजे। **ऑफर की वैधता**: 90 दिन. **मात्रा**: 15 Set. **[2] मद का विवरण**: Set of axle box assembly complete with normal roller bearing for WAG-7 electric locos as per RDSO Drg.No.SK.VL-603 (Alt.07) and conforming to RDSO Specification No. MP.0.3600-01, Rev. 01 of Nov-2020. One set consisting of 03 items 12 Nos. as under (1) Centre Axle Box with plain end cover & bearing RB-5020 = 04 Nos. (2) End Axle box with speedometer end cover & bearing RB-5020(LH&RH) =02Nos. (3) End axle box with plain end cover & bearing RB-5020=06 Nos. **[3] विशेष सूचना**: इस निविदा का संपूर्ण विवरण **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**ई-निविदा नोटीस क्र. बीएसएल/एसीएल/56255310**

Sai/BSL/06

**रेलवे फाटक को बंद स्थिती में पार करना मना है**

# कमल हासन फिल्म 'ठग लाइफ' रिलीज कराने कर्नाटक हाईकोर्ट पहुंचे

## राज्य में रिलीज पर रोक है, एक्टर ने कहा था- कन्नड़ भाषा तमिल से जन्मी

एजेंसी



कर्नाटक , एक्टर कमल हासन ने कहा था- कन्नड़ भाषा का जन्म तमिल से हुआ है। इस बयान के बाद कर्नाटक सरकार ने उनकी अपकमिंग फिल्म ठग लाइफ की रिलीज पर रोक लगा दी थी। कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स के इस फैसले के खिलाफ एक्टर ने कर्नाटक हाईकोर्ट में अपील की है। फिल्म 5 जून को देशभर में रिलीज होनी है। 24 मई को आयोजित हुए फिल्म के ऑडियो लॉन्च इवेंट के दौरान कमल हासन ने कहा था कि कन्नड़ भाषा तमिल से ही जन्मी है। कन्नड़ भाषा पर दिया गया कमल हासन का बयान सामने आने के बाद पूरे कर्नाटक में उनका विरोध शुरू हो गया। कई जगह उनके पोस्टर जलाए गए और उनकी फिल्म की रिलीज रोके जाने की मांग होने लगी। भाषा विवाद के चलते 28 मई को कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ की रिलीज पर बैन लगा दिया। अध्यक्ष एम नरसिम्हालु ने न्यूज एजेंसी से कहा था कि अगर कमल हासन चाहते हैं कि उनकी फिल्म रिलीज हो तो उन्हें माफी मांगनी होगी। कमल हासन बोले- गलत तो माफी नहींफिल्म चैंबर की चेतावनी मिलने के बाद कमल हासन ने चेन्नई स्थित ऊटङ पार्टी के हैडक्वार्टर के बाहर मीडिया से कहा, ये लोकतंत्र है। मैं कानून और न्याय पर भरोसा करता हूं।

**मध्य रेल**

सोलापूर मंडल

**ई-निविदा सूचना**

मंडल भंडार कार्यालय मध्य रेल, सोलापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से रेलवे की ई-खरीद वेबसाइट www.ireps.gov.in पर सक्षम, प्रतिष्ठित फर्मों/ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित करता है। **निविदा संख्या - 96255333, क्र.सं. 1, कार्य का नाम** - डिजिटल अल्ट्रासोनिक सिंगल रेल टेस्टर जिसमें 9 प्रोब कलर सिगनल और वास्तविक ए-स्कैन पल्स इको है, जिसमें प्रत्येक प्रोब के बी स्कैन स्टोरेज की निरंतर रिकॉर्डिंग के साथ-साथ आरडीएसओ विनिर्देशन संख्या एन & सी/एनडीटी/128/2007 (बी-स्कैन) रेव-IV अगस्त-2021 के अनुसार सभी मानक सहायक उपकरण सहित डेटा सेट अप शामिल है (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख से 36 महीने बाद), **नग** - 04 नग, **क्र.सं. 2, कार्य का नाम** - डिजिटल अत्याधुनिक डबल रेल टेस्टर जिसमें प्रत्येक रेल पर 9 प्रोब और न्यूनतम दो-बेस लाइन कलर सिग्नल और वास्तविक ए-स्कैन पल्स इको है, जिसमें प्रत्येक प्रोब के बी-स्कैन स्टोरेज की निरंतर रिकॉर्डिंग के साथ-साथ डेटा सेट अप शामिल है। मॉडल संख्या मल्टीकेन डीआई आर 18 अनुलग्नक-1 के अनुसार वैकल्पिक सहायक उपकरण के साथ (संलग्न) या समान, आरडीएसओ विनिर्देशन आरडीएसओ/एमएंडसी/एनडीटी/130/2007 (बी-स्कैन) संशोधन IV अगस्त 2021 (वारंटी अवधि डिलीवरी की तिथि के 36 महीने बाद), **नग** - 02 नग, **बयाना राशि भा.रु. (INR)** - रुपये 200320.00/-, **www.ireps.gov.in पर निविदा बंद होने की तिथि और समय** - 23-06-2025 11:30 बजे के बाद, संभावित निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे निविदा बंद होने की तिथि से पहले वेबसाइट को बार-बार देखें ताकि इस निविदा के लिए जारी किए गए किसी भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र को नोट किया जा सके। वेबसाइट: www.ireps.gov.in.

SUN 69

**वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक**

**असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है**

## संक्षेप

### आंधी-बारिश से यातायात बाधित

**बरौंसा-बेलहरी मार्ग पर गिरा पेड़, नालियों में जमा कचरे से दुकानदार परेशान**

सुलतानपुर, जयसिंहपुर में सोमवार शाम 4 बजे मौसम अचानक बदल गया। उमस भरी गर्मी के बाद तेज आंधी और बारिश आ गई। बरौंसा-बेलहरी सड़क मार्ग पर चुरावनपुर गांव के पास एक आम का पेड़ गिर गया। यातायात पूरी तरह रुक गया। राहगीरों को वैकल्पिक मार्ग से जाना पड़ा। ग्रामीणों ने पेड़ को काटकर सड़क से हटाया। इसके बाद यातायात सुचारू हो गया। बरौंसा बाजार में स्थिति और भी खराब है। बेलहरी मार्ग पर सिस्टम का पोल क्षतिग्रस्त हो रहा है। सड़क किनारे की नालियां कचरे से भर गई हैं। बारिश का पानी नालियों से निकल नहीं पा रहा है। व्यापारियों की दुकानों के सामने पानी और कचरा जमा हो गया है। व्यापारी अंकित वर्मा ने कहा कि नालियों की नियमित सफाई नहीं होती है। इससे रोज नई समस्याएं पैदा होती हैं। स्थानीय निवासी कांबली सिंह के मुताबिक कई बार शिकायत के बाद भी अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। यह समस्या लंबे समय से बाजार के लोगों को परेशान कर रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि जमा कचरे से बीमारियां फैल सकती हैं।

### किसानों की समस्याओं को लेकर लंभुआ में बैठक

**भाकियू अंबावता के सैकड़ों किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, त्वरित समाधान का आश्वासन**

सुलतानपुर, लंभुआ तहसील में भारतीय किसान यूनियन अंबावता गुट की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। उपजिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में भाकियू अंबावता गुट के प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश पांडेय और प्रदेश महासचिव आनंद प्रताप सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष अरविंद कुमार, लंभुआ ब्लॉक अध्यक्ष पिंटू चौबे और संगठन मंत्री मुरलीधर शुक्ल समेत कई पदाधिकारी शामिल हुए।

### सट्टेबाजी के विवाद में युवक की हत्या

**मां का सोने का हार गिरवी रखकर लाए एक लाख रुपए छीने, शव पुल से फेंका**

बांदा, सट्टेबाजी के पैसों के लेन-देन के विवाद में युवक की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान कृपांशु तिवारी के रूप में हुई है। 30 मई को दोपहर करीब 3 बजे राहुल गुप्ता, हरिओम और आशीष ने कृपांशु को पार्टी के लिए बुलाया। कृपांशु उसी दिन अपनी मां का सोने का हार गिरवी रखकर एक लाख रुपए लेकर आया था। आरोपियों को इस बात की जानकारी थी। परिजनों के अनुसार, तीनों ने कृपांशु को शराब पिलाई। इसके बाद उससे एक लाख रुपए, सोने का हार और चांदी के कड़े छीन लिए। विरोध करने पर उसकी हत्या कर दी।

# 10 महीने से फरार इनामी बदमाश गिरफ्तार

## प्रयागराज में ज्वैलर्स से लूट का आरोपी, 33 हजार रुपए बरामद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, घूरपुर थाना क्षेत्र के करमा में ज्वैलर्स की दुकान में बीते 28 अगस्त को हुई डकैती के मामले में आरोपी 10 महीने से फरार था। जिसे रविवार को चंपतपुर भंडरा रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। 20 हजार रुपये का इनामिया वांछित आरोपी धीरजा भारतीया पुत्र जयकरन निवासी जमौली थाना घूरपुर का रहने वाला है। बीते 5 अगस्त 2024 को घोघापुर चौहारे पर ज्वैलर्स करन सोनी निवासी करमा थाना घूरपुर से ज्वैलरी, पांच हजार रुपये और मोबाइल की लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के बाद करन सोनी ने घूरपुर थाने में लिखित तहरीर दी थी। जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी धीरजा भारतीया को गिरफ्तार किया थाना घूरपुर पुलिस टीम लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी। रविवार को चम्पतपुर भंडरा रेलवे स्टेशन के पास से घेराबंदी कर पकड़ लिया। इससे पहले 8 अगस्त को घटना में शामिल अन्य आरोपी सूरज, समीर, विशाल, अनूप भारतीया को पहले ही गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा चुकी है। चारों अभियुक्तों के खिलाफ 8 अगस्त को मुकदमा जांच कर दर्ज किया गया था। मामले में विवेचना के बाद धीरजा भारतीया का नाम सामने आया। आरोपी धीरजा भारतीया की गिरफ्तारी ना हो पाने के बाद पुलिस उपायुक्त यमुनानगर ने 13 नवंबर को आरोपी पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। थाना घूरपुर पुलिस ने रविवार को आरोपी धीरजा भारतीया को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से डकैती के 33 हजार रुपए बरामद किया है। आरोपी धीरज भारतीया ने बताया कि मैने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 5 अगस्त 2024 को करन सोनी निवासी करमा की दुकान से सोनी चांदी के जेवरात, 5 हजार रुपये व मोबाइल फोन की लूट की गयी थी। जिसमे से 33 हजार रुपये मेरे पास से मिले है। मोबाइल फोन के बारे में पूछने पर आरोपी ने बताया गया कि लूटा गया मोबाइल फोन पकड़े जाने के डर से मैने यमुना नदी में फेंक दिया था। फिलहाल आरोपी को जेल भेजा गया है।

# बांग्लादेशी नागरिकों की तलाश

## जीटीबी नगर की झुग्गियों में पुलिस सर्च, 600 लोग भागे, कोई दस्तावेज नहीं मिला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, करेली थाना क्षेत्र में पुलिस ने जीटीबी नगर की झुग्गियों में बड़ा सत्यापन अभियान चलाया। पुलिस को सूचना मिली थी कि इस क्षेत्र में कई बांग्लादेशी नागरिक रह रहे हैं। जैसे ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, झुग्गियों से करीब 600 लोग भाग निकले। थाना प्रभारी राजेश मौर्य ने बताया कि सत्यापन के दौरान कोई भी व्यक्ति वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पुलिस के अनुसार, जीटीबी नगर की झुग्गियों में झारखंड और पश्चिम बंगाल से हजारों लोगों ने अस्थायी निवास बना रखा है। इन लोगों ने स्थानीय पते पर आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र बनवा लिए हैं। ये सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ भी ले रहे हैं। पुलिस को आशंका है कि इन लोगों के बीच कुछ बांग्लादेशी नागरिक भी छिपे हुए हैं। यह स्थिति राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है। फरार लोगों की पहचान की जा रही है। स्थानीय लोगों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध दस्तावेजों वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े इस मामले में कोई लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

# पति ने पत्नी को मार डाला



**कुल्हाड़ी से किया कई बार हमला, मोबाइल पर बात करने से नाराज था**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, रामगंज थाना क्षेत्र के शिवपुर मवैया गांव में एक पति ने अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। मृतका प्रतिभा बनवासी उर्फ प्रिया अपने घर के बाहर छप्पर के नीचे लेटी हुई थी। इस दौरान वह मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी। आरोपी पति ऋषि वर्मा ने पत्नी से पूछताछ की। इस दौरान दोनों में कहासुनी हुई। गुस्से में आकर ऋषि ने घर से कुल्हाड़ी लाकर पत्नी की गर्दन पर वार कर दिया। इस हमले में प्रतिभा की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, ऋषि और प्रतिभा ने चार साल पहले प्रेम विवाह किया था। दंपति की एक 3 साल की बेटी भी है। प्रतिभा के मोबाइल पर बात करने को लेकर दोनों में अक्सर विवाद होता था।

घटना की सूचना मिलते ही रामगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी पति को हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी के साथ गिरफ्तार कर लिया। सीओ मनोज मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा

## सुल्तानपुर में हजारों लोगों ने लहराया तिरंगा, लगाए भारत माता की जय के नारे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा कलान ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के निकट स्थित कलान चौराहे से शुरू हुई।

इसमें भाजपा कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। यात्रा में शामिल लोगों ने बैंड-बाजे की धुन पर राष्ट्रीय ध्वज लहराया। कलान कॉलेज के प्रबंधक और भाजपा नेता वेद प्रकाश सिंह (राजू भैया) ने बताया कि यह यात्रा राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक है। फूलपुर, शाहगंज, कादीपुर और जलालपुर विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ता इस यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा की गई हिंसक कार्रवाई का भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब दिया। भारतीय सेना ने पीओके में आतंकवादियों के 9 बंकर नष्ट कर दिए। अखंड नगर थाना अध्यक्ष महेंद्र सिंह की देखरेख में सुरक्षा बल तैनात रहे। यात्रा का समापन बेलवाई स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ। कलान कॉलेज के प्रबंधक व भाजपा नेता वेद प्रकाश सिंह रज्जू भईया ने मीडिया से कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की अपार सफलता के बाद हमारे वीर जवानों के प्राक्रम, उनके साहस, उनके आदमय सौर्य की जो स्थिति थी उसको लेकर जो उत्साह जो उमंग हम लोगों के बीच में था उसी को प्रदर्शित करने के लिए, उसको सौहार्द के रूप में एक जन समूह के साथ तिरंगा यात्रा निकाला गया था उन्होंने कहा 22 अप्रैल को पाकिस्तान ने पहलगाम में जिस तरह हमारे भाइयों, बहनो और माताओं को गोली के माध्यम से उनकी रक्त रंजिश स्थिति पैदा की थी यहां तक की उन्होंने नारी शक्ति के साथ साथ हमारी संस्कृति और समाज का जो बटवारा किए उस पर मुंह तोड़ जवाब देने के लिए पाकिस्तान में आतंकवादियों को खासकर पीओके में हमारे सैनिको ने उनके नौ बंकर खत्म किए।

# लापता बच्चों की तलाश में मिली कामयाबी

**पुलिस ने लापता दो बच्चों को ड्रोन की सहयता से 20 घंटे में खोज निकाला**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी, मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र से लापता हुए दो बच्चों को पुलिस ने महज 20 घंटे में ढूंढ निकाला। दादरा गांव की रहने वाली नीतू सिंह ने 1 जून को दोपहर में पुलिस को सूचना दी थी कि उनके दो बच्चे अभय सिंह (8 वर्ष) और अभिषेक सिंह (7 वर्ष) घर के पास खेल रहे थे। शाम तक दोनों घर नहीं लौटे। परिवार ने पड़ोस और रिश्तेदारों में बच्चों की तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। मुसाफिरखाना थाना प्रभारी ने दो टीमें गठित कीं। पहली टीम प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह के नेतृत्व में और दूसरी टीम उप निरीक्षक घनश्याम यादव के नेतृत्व में बनाई गई। पुलिस ने सोशल मीडिया पर बच्चों की जानकारी साझा की। आसपास के गांवों में भी तलाश की गई। रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल को लखनऊ और दिल्ली तक अलर्ट किया गया। ड्रोन कैमरे से भी सर्चिंग की गई। 2 जून को दोनों बच्चे मिल गए।

# व्यापारियों ने की खाद्य सुरक्षा कानून में बदलाव की मांग

## अमेठी में व्यापार मंडल ने डीएम को सौंपा 14 सूत्री ज्ञापन, टर्नओवर सीमा बढ़ाने की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, अमेठी में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष महेश सोनी के नेतृत्व में व्यापारियों ने जिलाधिकारी संजय चौहान को मुख्यमंत्री के नाम 14 सूत्री ज्ञापन सौंपा। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर दिए गए इस ज्ञापन में व्यापारियों की समस्याओं का समाधान मांगा गया है। व्यापारियों ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत हो रही कार्रवाई पर आपत्ति जताई है।

उनकी प्रमुख मांग है कि इस अधिनियम के तहत रजिस्ट्रेशन की वार्षिक टर्नओवर सीमा 12 लाख से बढ़ाकर 40 लाख रुपये की जाए। इससे छोटे व्यापारियों को राहत मिल सकेगी। जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने कहा कि खाद्य पैकेजिंग पूरी तरह से कंपनियां करती हैं। रिटेल और होलसेल व्यापारियों के स्तर पर मिलावट संभव नहीं है। फिर भी उन्हें दंडित किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि केवल पैकिंग करने वाली कंपनियों को ही दोषी माना जाए। ज्ञापन में फूड एक्ट लाइसेंस न होने पर सजा का प्रावधान समाप्त करने की मांग की गई है। साथ ही जुमार्ना रजिस्ट्रेशन या लाइसेंस फीस के दोगुने से अधिक न हो। व्यापारियों ने पूर्णकालिक न्याय निर्णायक अधिकारी की नियुक्ति की भी मांग की है।

# स्मार्ट सिटी में जलभराव से त्रस्त लोग सड़क पर उतरे, नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन

## घेराव की चेतावनी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, थाना सासनी गेट क्षेत्र के बलदेव विहार में जलभराव से परेशान लोगों ने सोमवार सुबह प्रदर्शन किया। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की।

स्थानीय महिला सुमन के अनुसार, स्मार्ट सिटी मिशन के तहत क्षेत्र की मुख्य सड़क को ऊंचा बना दिया गया है। सोसाइटी की कई सड़कें पहले से ही नीची हैं। इस कारण ऊंची सड़क और घरों का पानी नीची सड़कों पर जमा हो जाता है। जलभराव से लोग बीमार पड़ रहे हैं। कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अलीगढ़ में सैकड़ों करोड़ रुपए विकास कार्यों में खर्च किए जा चुके हैं।

सीएम ग्रीड के अंतर्गत शहर की विभिन्न सड़कें बनाई जा रही हैं। कई स्थानों पर सड़कें और नाले मानकों के विपरीत बनाए गए हैं।

नगर आयुक्त के निदेर्शों के बावजूद यह समस्या जारी है। सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह ने कहा कि मौके पर अधिकारियों को भेजकर निरीक्षण कराया जाएगा। उन्होंने स्थानीय लोगों को जल्द समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं होता है, तो वे नगर निगम का घेराव करेंगे।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

## दीनदयाल धाम स्टेशन के पास ट्रैक पार करते समय हादसा, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, फरह थाना क्षेत्र में दीनदयाल धाम रेलवे स्टेशन के पास एक दुखद घटना सामने आई। रेलवे ट्रैक पार करते समय एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हंसी की सूचना मिलते ही इलाका पुलिस भी मौके पर पहुंची और रेलवे ट्रैक के किनारे पड़े शव की तलाशी ली। ट्रेन की चपेट में आकर हुई युवक की मौत के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई बताया गया कि स्थानीय लोगों ने मृतक युवक को पहचान लिया इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान झंडीपुर गांव निवासी ओमवीर सिंह पुत्र शेर सिंह के रूप में हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, ओमवीर जब रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तभी अचानक ट्रेन आ गई। हादसे के बाद उसका शव ट्रैक के किनारे मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों को सूचित किया। मौके पर पहुंचे परिजन केशव के शव को देखकर फूट-फूटकर रोने लगे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# छेड़छाड़ और मारपीट के मामले में एफआईआर

## शौच के लिए जा रही युवती को अकेला देख युवक ने किया हमला, परिजनों के आने पर भी नहीं माना

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




सुलतानपुर, कादीपुर थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने बताया कि शौच के लिए बाग की तरफ जा रही थी। गांव का ही अमरबहादुर पहले से रास्ते में घात लगाकर बैठा था। उसने पीछे से युवती पर हमला कर दिया। आरोपी ने पीड़िता का गला दबाया और अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर उसने डंडे से पीड़िता के सिर, माथे, कमर, कंधे और गले पर वार किए। अपने मकसद में कामयाब न होने पर आरोपी ने पीड़िता को खेत में दौड़ा-दौड़ाकर मारा।

# अतिक्रमण हटाने पर बवाल

## दुकानदारों की गुमटियां तोड़ने पर ईओ की मनमानी, एसडीएम ने दिया कार्रवाई न दोहराने का आश्वासन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी द्वारा चलाए गए अतिक्रमण विरोधी अभियान का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। छोटे दुकानदारों की गुमटियों में की गई तोड़फोड़ और अभद्रता के विरोध में राजेश मसाला उद्योग में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने की। एसडीएम आशीष सिंह भी बैठक में मौजूद रहे। व्यापारियों ने अधिशासी अधिकारी की मनमानी कार्यवाही की एक स्वर में निंदा की।

एसडीएम ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनका उत्पीड़न नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार अधिकारी को भविष्य में ऐसी अनुचित कार्यवाही से बचने की हिदायत दी जाएगी। साथ ही व्यापारियों से यातायात में बाधा न डालने का आग्रह किया। बैठक में एक सकारात्मक पहल करते हुए राजेश मसाला ने क्षतिग्रस्त पान की गुमटी वाली मीना चौरसिया को 7,000 रुपए का नगद सहयोग दिया।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई , ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001
संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी